

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026

कोलकाता ने बहाया पसीना आरसीबी ने किया आराम

रायपुर। रविवार को अपने होम ग्राउंड पर रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ियों ने सोमवार को आराम किया। खिलाड़ियों ने होटल में समय बिताते हुए खुद को तरोताजा किया। वहीं दूसरी ओर प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने सोमवार को शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। सोमवार को हुए अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के खिलाड़ियों ने सबसे पहले रायपुर की पिच के मिजाज को बारीकी से समझा। इसके बाद खिलाड़ियों ने बॉलिंग और बैटिंग का कड़ा अभ्यास शुरू किया। नेट्स पर कप्तान अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और दिग्गज ऑलराउंडर सुनील नरेन सहित अन्य खिलाड़ी जमकर पसीना बहाते नजर आए।



अंक तालिका में छलांग लगाने केकेआर को चाहिए जीत

रायपुर में होने वाला यह दूसरा आईपीएल मुकाबला केकेआर के लिए बेहद अहम है। इस मैच में जीत मिलने से कोलकाता अंक तालिका में छलांग लगाकर ऊपर पहुंच जाएगी। लगातार पिछले तीन मैच जीतकर केकेआर अपने पुराने फॉर्म में लौट आई है, ऐसे में वह जीत के रथ पर सवार आरसीबी के लिए एक कड़ी चुनौती साबित हो सकती है। बता दें कि रविवार को हुए पिछले मुकाबले में रायपुर की पिच से ▶▶शेष पेज 8 पर

अलग अलग रास्तों में दबोचे गए 12 तस्कर, सवा करोड़ का गांजा जब्त

बदला गांजा तस्करी का सिस्टम, बाइक में फेरीवाला बनकर तस्करी

ओडिशा से महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी होते मध्यप्रदेश तक सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/महासमुंद

खास खबर

मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले पुलिस को चकमा देने तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में रेंज पुलिस ने गरियाबंद, धमतरी तथा महासमुंद में बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के 12 गांजा तस्करों को बाइक से गांजा तस्करी करते पकड़ा और उनके कब्जे से पौने चार क्विंटल गांजा जब्त किया। तस्कर फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का झांसा देकर अपनी बाइक में कपड़ा तथा कपड़ों के गट्ठे के नीचे बाइक के पीछे कम्पार्टमेंट बॉक्स बनाकर उसमें गांजा लोड कर मध्यप्रदेश ले जा रहे थे। जब्त गांजा की कीमत सवा करोड़ रुपए आंकी गई है। पूर्व में एंबुलेंस, केला परिवहन की आड़ में, मूवर्स एंड पैकर्स का उपयोग, ऑटो, बस ट्रैवल्स, ट्रेन एवं अन्य तरीकों से गांजा तस्करी के ▶▶शेष पेज 8 पर



किराए पर हायर किए गए थे सभी तस्कर

पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गिरफ्तार गांजा तस्कर किराए पर हायर किए गए थे। गांजा तस्करी करने वाला रैकेट हायर किए गए तस्करों को आने-जाने का खर्च देने के साथ पैसों का लालच देकर गांजा तस्करी करवा रहा था। सिंडिकेट का मास्टर माइंड गांजा तस्करी करने वाले किराए के आदमियों से सीधे संपर्क करने के बजाय किसी अन्य चैनल से संपर्क कर तस्करी करा रहा है, ऐसा पुलिस को संदेह है।

सिस्टम ऐसा कि किसी को तस्करी का शक न हो

तस्करों ने गांजा को बाइक के पीछे सीट पर कंपार्टमेंट बनाकर कपड़ा तथा कपड़ों के गट्ठा के नीचे इस तरह से दबाकर रखा था कि किसी को उन पर गांजा तस्करी करने की आशंका न हो। बाइक में गांजा ले जाने वाले तस्कर दूर से देखने पर हाट बाजार में घूम-घूम कर कपड़ा बेचने वाले जैसे दिख रहे थे।

खबर संक्षेप

गैस कांड में पूनम चंद्राकर का नाम नहीं

हरिभूमि रायपुर के 10 मई के अंक में महासमुंद के गैस गबन मामले में खबर प्रकाशित हुई थी। इसमें आरोपियों में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर का नाम भूलवश प्रकाशित हो गया था। हरिभूमि की मंशा पूनम चंद्राकर की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने की नहीं थी। मानवीय चूक की वजह से यह अप्रिय स्थिति बनी, इसका हमें खेद है।

तुलजाभवानी मंदिर के पास 253 किलो सोना

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में स्थित तुलजाभवानी मंदिर के पास इस वर्ष 31 मार्च तक स्थिति के अनुसार 253 किलोग्राम सोना और 4,614 किलोग्राम चांदी है।

'सहेली' बुधवार 13 मई को वितरित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री की ऊर्जा बचाने की अपील के बाद रक्षा मंत्री ने ली उच्चस्तरीय बैठक

पश्चिम एशिया संकट पर सरकार अलर्ट

जरूरी सामान और ऊर्जा आपूर्ति पर नजर

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और उससे उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से ऊर्जा खपत कम करने की अपील की है। इस अपील के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक की। राजनाथ सिंह ने देशवासियों से कहा कि शांत रहें, घबराएं नहीं। केंद्र जरूरी सामान की कमी रोकने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। इधर, पीएम की अपील के बाद विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा, वहीं शेयर बाजार पर भी असर दिखाई दिया।

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं, जिसका असर भारत पर भी दिखाई दे रहा है। व्यापारिक रास्तों पर दबाव बढ़ रहा है और गैस-तेल जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए सोमवार को अनौपचारिक सशक्त समूह की 5वीं बैठक आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। बैठक में एनर्जी सप्लाई चेन और देश में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता ▶▶शेष पेज 8 पर



पश्चिम एशिया संकट और ऊर्जा सप्लाई जोखिमों को लेकर राजनाथ सिंह ने हाई लेवल बैठक की। सरकार ईंधन, सप्लाई चेन और आर्थिक सुरक्षा पर नजर बनाए हुए है।

पीएम की अपील पर महाराष्ट्र में एक्शन

- कान्स फिल्म फेस्टिवल में कोई सरकारी प्रतिनिधि नहीं भेजा जाएगा
- सरकारी कामकाज में केवल इलेक्ट्रिक वाहनों का ही इस्तेमाल होगा
- मंगलवार से सभी विभागीय बैठकें ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी

पीएम फिर बोले-सोने की खरीद टालें, तेल कम खाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की।



उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। वडोदरा में मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा। विदेश में रहने वाले भारतीयों से कहूंगा कि कम से कम पांच विदेशी मेहमानों को भारत घुमाने लाइए।

शेयर बाजार में हाहाकार डूबे 6 लाख करोड़ रुपए

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। बीएसई सेंसक्स 1,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। इस गिरावट के चलते बंबई शेयर मार्केट (बीएसई) में लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप 6 लाख करोड़ रुपए घटकर 467 लाख करोड़ रुपये रह गया।



तीन सत्रों में सेंसेक्स 2.5 फीसदी गिरा

पिछले गुरुवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है। निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा।

इधर, सियासी उबाल

राहुल बोले-अब देश चलाना पीएम मोदी के बस की बात नहीं

पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बचत की अपील करके अपनी नाकामी का सबूत दिया है। अब देश चलाना एक 'कम्प्रोजाइल्ड' प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं है।

केजरीवाल ने पीएम से पूछे सवाल

दिल्ली के पूर्व सीएम और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री को देश के सामने सच्चाई रखनी चाहिए कि देश की असली आर्थिक हालत क्या है? उन्होंने कहा कि क्या ये आर्थिक इमरजेंसी की आहट है?

आपके विश्वास, सहयोग और स्नेह के 25 वर्ष

aisectindia
Connecting you to opportunities

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
Campus : NEAR GATORA RAILWAY STATION, BILASPUR (C.G)
City Office : NEAR TORWA CHOWK, DAYALBAND ROAD, BILASPUR (C.G)

CREDAI
है तो भरोसा है
Confederation of Real Estate Developers Association of India
BILASPUR

CCN CHANNEL

Jio bp Krishna Fuels

JD AUTONATION
NH 130, Beside Rama Valley, Parsada, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)

JD TOYOTA
NH 130, Bilaspur-Raipur Main Road, Near Reliance Petrol Pump, Village Parsada, Bilaspur (C.G.)

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं
Silver Jubilee Year
हरिभूमि

SATYA सत्या आटो प्रा.लि.
पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
Estd. 2001
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

PREMIER ACADEMY
Gumber Complex, Infront Of Old Highcourt, Bilaspur (C.G.), Mob. 8902987789, 6260618880

Maosaji वेज रेस्टोरेन्ट
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर

ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank
In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda,
Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road Bilaspur (C.G.)

Brilliant Public School
ESTD. 2001
Igniting Wisdom

Sudha Bio Power Pvt. Ltd.
Gram- Mohatarai,Ratanpur Road, Bilaspur C.G.

त्रिपुर बजाज
तिफरा रेल्वे ओव्हर ब्रिज के पास, रायपुर रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

After 12th .... What ?
Get Graduation Degree
B Voc In Animation
ARENA ANIMATION
www.arena-multimedia.com
Link Road, CMD Chowk, Bilaspur

SRISHTI INFRABUILD PVT. LTD.
CREATING LIVES FOR FUTURE
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
2ND FLOOR, KRISHNA SANCHHATRA COMPOUND, SHIV TALKIES SQUARE, BESIDE JALARAM FOOD JUNCTION BILASPUR (C.G.)

CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR

ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL

HSM GLOBAL PUBLIC SCHOOL
HSM GPS BILASPUR

SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LTD.
OLD V.T. CENTRE, P.O. SECL GEVRA PROJECT, DIST.- KORBA (C.G.)

UB WORLD
'Living Together. Growing Together'

श्री गोविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ केयर हॉस्पिटल
आपका भरोसा, हमारी जिम्मेदारी
गुरुनानक चौक, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-408601/2/3, 8349052250

विनायक नेत्रालय
फेको, एन्जीयोग्राफी एवं लेजर सेंटर
डॉ. ललित माखीजा एम.एस.,आई.सी.एल.पी. (हैदराबाद) फेको सर्जन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रसेन चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

SHRI श्री शिशु भवन
HEALTH CARE WITH HUMAN TOUCH
HOSPITAL FOR CHILDREN & NEW BORN
(ADVANCED NEONATAL & PAEDIATRIC CARE)
ईदगाह रोड, मध्यनगरी चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)

NICETEC COMPUTER EDUCATION
We Value Your Career
Since 1992
HEAD OFFICE
150+ Network Partner in Central India
Reg. Office : Bilaspur, Ph. 9300966633

PRATHAM HOSPITAL
HEALTH & HAPPINEESS FOR ALL
ADD. : BAHTARAI ROAD, SARKANDA BILASPUR, MOB. : 8962852000
Prathamhospital2503@gmail.com

हम आपके परिवार को पूरा करते हैं...
माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
Life begins here
अग्रसेन चौक पास, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर (छ.ग.), मो. : 8085758585

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013

Anaya Resort
Kargi Road, Kota (C.G.) India

ALASKA HOMES
A Project By M/S Maa Shanti Construction
Bijaur,Near Brilliant Public School, Bilaspur (C.G.) Contact for Booking : 7049999550, 7089999550

GALAXY BUILDCONN
Build your dreams...

MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED
An ISO 50001:2018 Certified Company

AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
KANHA MEADOWS RETREAT
Vijay shree Heritage BILASPUR
SANKALP LEARNING CLASSES
AADHARSHILA VIDYA MANDIR BILASPUR
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS
TANISHQ A TATA PRODUCT
Corporate Office : Opp. Chhattisgarh Bhawan, Tilak Nagar, Bilaspur(CG) 495001

छत्तीसगढ़ के नं. 1 समाचार पत्र

हरिभूमि

बिलासपुर संस्करण की 25वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



राजेश्री महंत रामसुंदर दास
महामंडलेश्वर एवं दूधाधारी मठ
रायपुर एवं शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर



नारायण चंदेल
पूर्व नेता प्रतिपक्ष
छत्तीसगढ़ विधानसभा



सौरभ सिंह
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम



श्रीमती शेषराज हरवंश
विधायक, पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



राघवेन्द्र कुमार सिंह
विधायक, अकलतरा विधानसभा क्षेत्र
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



अंबेश जांगड़े
जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



दिनेश शर्मा
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



श्रीमती सत्यलता मिरी
अध्यक्ष, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



गगन जयपुरिया
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



प्रशांत सिंह ठाकुर
भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य
एवं रायगढ़ जिला प्रभारी



इंजी रवि पांडेय
प्रदेश प्रवक्ता
भाजपा किसान मोर्चा



रविशेखर भारद्वाज
पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस



कार्तिकेश्वर स्वर्णकार
प्रदेश सहसंयोजक-व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा
पूर्व उपाध्यक्ष-राज्य युवा आयोग
केन्द्रीय संरक्षक -छ.ग. केन्द्रीय स्वर्णकार समाज
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



ठा. कमलेश सिंह बाबा
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



रमेश पैंगवार
पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका जांजगीर-नैला
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



इब्राहिम मेमन
वरिष्ठ इंका नेता
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह
जिला कोषाध्यक्ष भाजपा
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



राजकुमार साहू
सभापति, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



प्रिंस शर्मा
नेता प्रतिपक्ष- नगर पालिका जांजगीर-नैला
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



लोकेश शुक्ला
अध्यक्ष, भाजपा नगर मंडल शिवरीनारायण
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

प्रस्तुति:



अभिषेक शुक्ला
जिला प्रमुख
जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा

वीरेन्द्र राठौर
मार्केटिंग इंचार्ज
जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा



हिमांशु सिंह
मार्केटिंग सहायक
जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर

मंगलवार 12 मई 2026

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी

वर्ष : 26, अंक : 51

पृष्ठ : 12+8+8+12 = 40 मूल्य : 5 .00***

मौसम

अधि. 39.2

न्यून. 26.5

छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम

सरकारी आंकड़ा- छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 2.3% मध्यप्रदेश में डेढ़ और गुजरात में 1 प्रतिशत से कम!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


हरिभूमि खास

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी हालिया वार्षिक रिपोर्ट (पीएलएफएस 2025) से सामने आया एक आंकड़ा चौंकाने वाला है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 2.3 प्रतिशत है। इसी तरह ये भी बताया गया है कि एमपी में यह दर डेढ़ प्रतिशत और गुजरात में एक प्रतिशत से कम है। अगर हम छत्तीसगढ़ की ही बात करें, तो क्या रिपोर्ट के मुताबिक यहां 97.7 ⏭शेष पेज 8 पर

बेरोजगारी दर क्या है?

आम धारणा के विपरीत, बेरोजगारी दर का मतलब यह नहीं है कि कुल जनसंख्या में से कितने लोग बेरोजगार हैं। बेरोजगारी दर का अर्थ श्रम बल में शामिल उन लोगों का प्रतिशत जो सक्रिय रूप से काम की तलाश कर रहे हैं लेकिन उन्हें काम नहीं मिल पा रहा है। श्रम बल में वे लोग शामिल होते हैं जो या तो काम कर रहे हैं या काम की तलाश में हैं।

कम मजदूरी दिहाड़ी या छोटे-मोटे काम वाले भी रोजगारशुदा



गुजरात की दर क्या कहती है

गुजरात में 0.9 प्रतिशत की दर यह दर्शाती है कि वहां औद्योगिक और विनिर्माण गतिविधियां अधिक हैं, जिससे अकुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों को आसानी से काम मिल जाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वहां बेरोजगारी शून्य है; वहां भी 'नौकरी की गुणवत्ता' (जॉब क्वालिटी) एक बड़ा सवाल है।

क्या 97 प्रतिशत लोगों के पास 'पक्का' रोजगार है

क्या 2.3% बेरोजगारी का मतलब 97.7 प्रतिशत लोगों के पास रोजगार है? इसका जवाब तकनीकी रूप से 'हाँ' है, लेकिन व्यावहारिक रूप से इसके पीछे 'अल्प-रोजगार' और 'प्रच्छन्न बेरोजगारी' (छिपी हुई बेरोजगारी) होती है।



कम दर का मतलब सफलता या मजबूरी

छत्तीसगढ़, गुजरात (0.9 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश (1.5 प्रतिशत) जैसे राज्यों में बेरोजगारी दर कम होने का मतलब यह कतई नहीं है कि वहां हर किसी के पास एक अच्छी सरकारी या कॉर्पोरेट नौकरी है। इन राज्यों में एक बड़ा हिस्सा खेती-किसानी से जुड़ा है। यदि कोई व्यक्ति अपने पारिवारिक खेत में हफ्ते में कुछ घंटे भी काम करता है, तो उसे 'रोजगारशुदा' मान लिया जाता है, भले ही उसकी आय बहुत कम हो।

मजबूरी का रोजगार

गरीब राज्यों में लोग लंबे समय तक बिना काम के नहीं रह सकते। वे पेट भरने के लिए कम मजदूरी, दिहाड़ी या छोटे-मोटे स्वरोजगार (जैसे ठेला लगाना) में लग जाते हैं। इन्हें भी 'रोजगारशुदा' गिना जाता है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर (5.7 प्रतिशत) ग्रामीण क्षेत्रों (1.8 प्रतिशत) की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। यह संकेत देता है कि जो लोग शिक्षित हैं और बेहतर नौकरी की तलाश में हैं, वे लंबी अवधि तक बेरोजगार रहने का 'जोखिम' उठाते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जो भी काम मिले, उसे कर लेते हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

जमानत याचिकाओं के जल्द निपटारे पर सुझाए उपाय

नई दिल्ली। देशभर के उच्च न्यायालयों में लंबित जमानत



याचिकाओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय ने स्वतः सूचीबद्ध करने की व्यवस्था विकसित करने और ऐसे मामलों के निपटारे के लिए एक निश्चित समय-सीमा तय करने जैसे उपाय का सुझाव दिया।

अकासा एयर की 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे से उड़ानें

नई दिल्ली। अकासा एयर 16 जून से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। यह इस नए हवाई अड्डे से सेवाएं



शुरू करने वाली दूसरी एयरलाइन होगी। नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को हुआ था और वहां से 15 जून से वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने जा रहा है। वह 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे को बेंगलुरु और नवी मुंबई से जोड़ने वाली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी।

यूरेनियम का रोड़ा, अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

ट्रंप ने ठुकराया ईरान का प्रस्ताव, मिडिल ईस्ट में शांति की आखिरी उम्मीद खत्म!

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन/तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच मई 2026 में चल रही शांति वार्ता में संवर्धित यूरेनियम का मुद्दा सबसे बड़ा 'रोड़ा' बनकर उभरा है। दोनों देशों के बीच 10 हफ्तों से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता में बातचीत हो रही है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम की शर्तों पर सहमति नहीं बन पा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने कहा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने संबंधी उसके (ईरान) प्रस्ताव को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' करार देते हुए खारिज कर दिया। ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि इससे 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने में सफलता मिलेगी। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम, समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है जिससे कई देश ईंधन की कमी का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट किया, मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया - यह पूरी तरह अस्वीकार्य है।

इससे पहले ट्रंप ने ईरान पर लगभग 50 वर्षों से अमेरिका के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, 'अब वे ज्यादा समय तक खुश नहीं रह पाएंगे।' ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया संस्थान 'एक्सियोस' से कहा, 'मुझे उनका पत्र पसंद नहीं आया। यह ठीक नहीं है। मुझे उनकी प्रतिक्रिया पसंद नहीं आई। हालांकि उन्होंने ईरान के जवाब के बारे में और अधिक जानकारी ⏭शेष पेज 8 पर

ट्रंप ने कहा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा, मुझे पसंद नहीं आया

यूएई और कुवैत में ड्रोन अलर्ट जारी हुआ। क्षेत्र में सुरक्षा चिंता बढ़ रही



यूरेनियम भंडार सौंपने की शर्त

अमेरिका ने मांग की है कि ईरान अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम के पूरे भंडार को सौंप दे। ईरान ने इसके जवाब में भंडार का कुछ हिस्सा किसी तीसरे देश को स्थानांतरित करने और कुछ हिस्से को 'डाइल्यूट' (ताकत कम करने) करने का प्रस्ताव दिया है।

ईरान के कड़े तेवर डिजिटल डेटा पर टैक्स की तैयारी

ईरान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के बाद अब डिजिटल डेटा पर टैक्स लगाने की तैयारी में है। इसे 'मुज्तबा का ट्रिलियन डॉलर दांव' माना जा रहा है।

कतर का दूसरा एलएनजी जहाज होर्मुज से गुजरा

कतर का दूसरा एलएनजी टैंकर होर्मुज से गुजर रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मिहजेम नाम का यह जहाज कतर के रस लाफान बंदरगाह से रवाना हुआ है और पाकिस्तान के पोर्ट कासिम की ओर जा रहा है। इसके कल वहां पहुंचने की उम्मीद है।

फिर तेल में लगी आग

अमेरिका और ईरान में बात बनती नजर नहीं आ रही है और इसका खामियाजा दुनिया को भुगतना पड़ रहा है। एक बार फिर यूएस-ईरान के बीच शांति प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन पाई है और होर्मुज स्ट्रेट की बंदी जारी है। इसके बाद अचानक कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आग लग गई है। इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल 4 फीसदी से ज्यादा उछल गया है।

सोना 600 रुपए सस्ता

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपए टूटकर 1.55 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपए टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपए प्रति 10 ग्राम रह गईं।

प्रधानमंत्री, राजग के शीर्ष नेता रहेंगे मौजूद

हिमंता असम के सीएम के रूप में आज लेंगे शपथ



एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम में मंगलवार को हिमंता विश्व शर्मा के लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी पूरी हो चुकी है। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य पूर्वाह्न 11 बजकर 40 मिनट पर शर्मा और नयी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इसके साथ ही राज्य में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू होगा। खानापारा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और भाजपा के राष्ट्रीय ⏭शेष पेज 8 पर

पुडुचेरी में कल पाचवीं बार सीएम बनेंगे रंगासामी

रंगासामी 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। केंद्र शासित प्रदेश में नौ अप्रैल को हुए चुनाव में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की शानदार जीत के बाद रंगासामी 5वीं बार मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के लिए तैयार हैं। एन. रंगासामी दक्षिण भारत की सबसे जानी-मानी राजनीतिक हस्तियों में से एक हैं। वे पुडुचेरी के मुख्यमंत्री हैं और ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस के संस्थापक हैं।

नई सरकार से नई उम्मीदें

शर्मा के साथ ही मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों के शपथ ग्रहण करने की भी संभावना है, जिसमें सभी गठबंधन सहयोगियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शर्मा द्वारा नयी सरकार के पहले 100 दिन की प्राथमिकताओं को प्रस्तुत करने की उम्मीद है।

एसआईआर के तीसरे चरण की तैयारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में मतदाता सूची के एसआईआर के तीसरे चरण को शुरू करने जा रहा है। इसके तहत शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जा सकता है, जिनमें लगभग 40 करोड़ मतदाता शामिल हैं। पिछले महीने केरल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के कारण आयोग ने इसे लागू करने में देरी की। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद 'आगामी दिनों' में एसआईआर को लागू किया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में शुरू करेगा कार्य

सोमनाथ अमृत महोत्सव में पीएम मोदी



गिर सोमनाथ। सोमनाथ मंदिर में आयोजित 'अमृत पर्व' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर के भव्य शिखर का देश के 11 पवित्र तीर्थों के जल से कुंभाभिषेक किया गया। इस कुंभाभिषेक के लिए एक विशेष कलश का इस्तेमाल हुआ। समारोह के दौरान 11 तीर्थ स्थलों का पवित्र जल मंदिर के 90 मीटर ऊंचे शिखर पर चढ़ाया गया।

पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत

चिकन और तरबूज खाने के बाद चार बच्चे बीमार, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के ग्राम धुरकोट में एक ही परिवार के 4 बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। पेट दर्द होने पर परिजनों ने बच्चों को जिला अस्पताल पहुंचाया। फूड पॉइजनिंग के शिकार एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि 3 का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। बच्चों ने रविवार की रात में चिकन और शाम को तरबूज ⏭शेष पेज 8 पर

किया गया बिसरा प्रिजर्व

जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. एस. कुजूर का कहना है कि अस्पताल पहुंचने से पहले एक बच्चे क़ी मौत हो चुकी थी। बिसरा प्रिजर्व किया गया है, जिसकी जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कारण स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने बताया कि बाकी तीन बच्चों की स्थिति अब सामान्य है। डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है।

फूड पॉइजनिंग का संदेह

प्रारंभिक तौर पर मामला फूड पॉइजनिंग का माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है। खाने में इस्तेमाल किए गए खाद्य पदार्थों की जांच की जा सकती है, ताकि घटना के कारण का पता चल सके। जानकारों का कहना है कि गर्मी में खुले में रखा भोजन, बासी चिकन, लंबे समय तक कटे फल खतरनाक हो सकते हैं।





चिंतन

विदेशी मुद्रा पर दबाव कम करने के प्रयास




मंथन
प्रमोद भार्गव

उपभोग और आर्थिक जिम्मेदारी के बीच राष्ट्रहित में संतुलन बनाया जाना बेहद जरूरी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील को केवल राजनीतिक बयान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने, अनावश्यक सोना खरीदने से बचने, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने, विदेशी यात्राओं में कटौती और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर देना दरअसल, एक व्यापक आर्थिक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। इसका मूल उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर संभावित दबाव को कम करना और देश को वैश्विक आर्थिक झटकों के लिए तैयार करना है। यह सच है कि वर्तमान में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है और स्थिति किसी तत्काल संकट जैसी नहीं है, लेकिन आर्थिक प्रबंधन केवल वर्तमान हालातों को देखकर नहीं किया जाता, बल्कि संभावित जोखिमों को पहले से पहचानकर तैयारी करना ही दूरदृष्टि कहलाता है। मध्य पूर्व में जारी तनाव और हार्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में तेल कीमतों में वृद्धि का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और व्यापार घाटे पर पड़ना तय है। प्रधानमंत्री की अपील का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें जनता की भागीदारी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़ा गया है। यदि नागरिक सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें, कार पूलिंग अपनाएं और अनावश्यक ईंधन खर्च कम करें तो इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। इसी प्रकार, इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों को बढ़ावा देना भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम हो सकता है। सोने की खरीद को लेकर की गई अपील भी आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत अपनी लगभग पूरी सोने की जरूरत आयात के माध्यम से पूरी करता है। यही कारण है कि जब सोने का आयात बढ़ता है तो डॉलर की मांग भी बढ़ती है और व्यापार संतुलन प्रभावित होता है। जीटीआरआई द्वारा इस अपील का समर्थन यह दर्शाता है कि यह केवल भावनात्मक राष्ट्रवाद नहीं, बल्कि आर्थिक यथार्थ से जुड़ा विषय है। यदि एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना खरीदने से परहेज किया जाए तो इससे विदेशी मुद्रा पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम हो सकता है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना होगा कि केवल जनता से संयम की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को भी वैकल्पिक निवेश साधनों को मजबूत और आकर्षक बनाना होगा, ताकि लोग सोने के बजाय वित्तीय निवेश की ओर बढ़ें। साथ ही, आयात आधारित उपभोग कम करने के लिए घरेलू उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाना भी जरूरी है। विपक्ष द्वारा इस अपील को सरकार की विफलता बताना राजनीतिक दृष्टि से स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन राष्ट्रीय चुनौतियों को केवल राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। इतिहास गवाह है कि संकट के समय सामूहिक अनुशासन और मितव्ययिता ने भारत को मजबूत बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 'सप्ताह में एक दिन उपवास' का आह्वान हो या कोरोना काल में जनता की भागीदारी देश ने हर चुनौती में एकजुटता दिखाई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आर्थिक जिम्मेदारी को केवल सरकार की नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य के रूप में भी देखा जाए।

मंडरा रहा जैविक आतंक का खतरा

भारत में जैविक आतंक फैलाने की बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मई 2026 में तीन लोगों के विरुद्ध अहमदाबाद गुजरात की विशेष एनआईए अदालत में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया है। इस षड्यंत्र में हैदराबाद के मुख्य आरोपी डॉ. सैयद अहमद मोहिउद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। इसने अपने घर में ही एक घातक जैविक विष बनाने की प्रयोगशाला बना ली थी। इसे अरंडी के बीज से तैयार किया जाता है। इस मामले में सहयोगी आरोपी उप्र के आजाद और मोहम्मद सुहेल को भी गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े विदेशी आतंकियों के इशारे पर काम कर रहे थे। इनका लक्ष्य भारत में भीड़ भाड़ वाले स्थलों पर जैविक जहर फैलाने का था। फलों, सब्जियों और मंदिरों के प्रसाद में भी जहर मिलाकर हमला करने की साजिश रच रहे थे। ये ऐसी आतंकी घटनाओं को दिल्ली, अहमदाबाद और लखनऊ में अंजाम देने की फिराक में थे। दिल्ली पुलिस ने भी मई में आईएसआई के 9 एजेंटों को देश के विभिन्न नगरों से हिरासत में लिया है। ये गिरफ्तारियां इस बात का ठोस सबूत हैं कि आतंकी भारत में जैविक हमला करने की तैयारी में लगे हैं। कृत्रिम बुद्धि की उपलब्धियां अब केवल नौकरी, पढ़ाई और तकनीक तक सीमित नहीं रह गई है। जैविक सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों को आशंका है कि एआई भविष्य में जैविक आतंकवाद को भी आसान बना सकता है। कोई भी व्यक्ति वैज्ञानिक विशेषज्ञता हासिल किए बिना बीमारी पैदा करने वाले जीवाणु-विषाणु एवं किटाणु बनाकर उन्हें बड़े समूहों में फैला सकता है।

हाल के दिनों में जीन या आनुवंशिक अनुक्रमण (जेनेटिक सीक्वेंस, सीआरआईएसपीआर यानी क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स जैसी क्रांतिकारी जीन संपादन तकनीक से जीवित जीवों के डीएनए को मनचाहे रूप में परिवर्धित करने के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। ये बायोलॉजीकल इंजीनियरिंग टूल किट्स बाजार में उपलब्ध होने लगे हैं। प्रयोग में लाए जाने वाले कई औजार और अन्य सामग्री ऑनलाइन वेबसाइट से खरीदे जा सकते हैं। इससे हानि नहीं पहुंचाने वाले जीवाणुओं को जानलेवा घातक बनाया जा सकता है। इनके निर्माण में एआई के समय में विकसित हुए लार्ज लैंग्वेज मशीन (एलएलएम) मॉडल को प्रयोग में लाया जाता है। यह एक प्रकार की कृत्रिम बुद्धि है। इससे इंसानी भाषा को समझने, सारांशित और अनुवादित करके एआई पाठ को कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रस्तुत कर देता है। ये कंप्यूटर मशीन, लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करते हैं। अतएव यह तकनीक इंटरनेट पर उपलब्ध डाटा से संदर्भ एकत्रित कर इंसान से संवाद करने में सक्षम हैं। इसी तकनीक से आतंकी जैविक हथियार बनाने के उपाय में लगे हैं। किसी भी वैज्ञानिक तकनीक के अनुचित उपयोग के परिप्रेक्ष्य में विशेषज्ञों का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि जैविक हथियार बनाने की विधियां ओपन एआई और गूगल जैसे प्लेटफार्म पर सुलभ हैं। हालांकि इस संदर्भ में यह एक अच्छी बात है कि एलएलएम के प्रयोग बड़ी संख्या में गड़बड़ा जाते हैं। फिर भी तकनीकी जानकारी की आसान उपलब्धता से अनेक यूजर इस तकनीक को सीखने में लगे रहें, तो वे विशेषज्ञ बन सकते



हैं। एआई कंपनियां भी अब इस बात को स्वीकारने लगी हैं कि उनके मॉडल मामूली विज्ञान संबंधी ज्ञान रखने वाले जिज्ञासु की जैविक हथियार बनाने में मदद करने में सहायक होते है। ऐसे में रोगाणु बनाने का इच्छुक व्यक्ति जैविक आतंक फैलाने के लिए जैविक हथियार बनाने में सफल हो सकता है। इस संदर्भ में मिशिगन मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी के प्राध्यापक माइकेल इंपीरियेल का कहना है कि डीएनए या आरएनए के कणों से जीवाणु या विषाणु बनाना इतना सरल भी नहीं है कि कोई भी व्यक्ति जैविक हथियार आसानी से बना लें? फिर भी जैविक औजारों से घातक जैविक हथियार बनाए जा सकते हैं। कोरोना वायरस के अस्तित्व में आने के बाद से ही ये आशंकाएं बनी हुई हैं, कि दुनिया के जैव प्रौद्योगिकी में सक्षम देश जैविक या कीटाणु हथियार (बायोवेपन) बनाने में लगे हुए हैं। इबोला के साथ-साथ मारबर्ग वायरस को भी रूस ने टोलेडो परियोजना में शामिल किया हुआ है। इस विषाणु से संक्रमित लोगों में से 88 प्रतिशत की मौत हो जाती हैं। दरअसल, चीन से उपजे कोरोना वायरस ने जैविक हथियारों का नया रास्ता खोल दिया है। इस तरह के औजारों में जीवाणु, विषाणु, कीटाणु, फफूंद और जैविक आविश (पेड़-पौधों व जंतुओं में पैदा होने वाले जहरीले पदार्थ) जैसे संक्रमण फैलाने वाले जीवाणुओं एवं विषाणुओं का उपयोग किया जाता है। आजकल खासतौर से चीन और अमेरिकी वैज्ञानिक विषाणु (वायरस) और जीवाणु (बैक्टीरिया) से प्रयोगशालाओं में छेड़छाड़ कर एक तो नए विषाणु व जीवाणुओं के उत्पादन में लगे हैं, दूसरे उनकी मूल प्रकृति में बदलाव कर उन्हें और ज्यादा सक्षम व खतरनाक बना रहे हैं। इनका उत्पादन मानव स्वास्थ्य के हित के बहाने किया जा रहा है, लेकिन ये कोरोना की तरह ही बेकाबू होते रहे तो तमाम मुश्किलों का भी सामना दुनिया को करना पड़ सकता हैं अमेरिका के विस्कोसिन-मेडिसन विवि के वैज्ञानिक योशिहिरो कावाओका ने स्वाइन फ्लू के वायरस के साथ छेड़छाड़ कर उसे इतना ताकतवर बना दिया है कि मनुष्य शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। मसलन मानव प्रतिरक्षा तंत्र उस पर बेअसर रहेगा। यहां सवाल उठता है कि खतरनाक वीषाणु को आखिर और खतरनाक बनाने का औचित्य क्या है? कावाओका का दावा है कि उनका प्रयोग 2009 एच-1, एन-1 विषाणु में होने वाले बदलाव पर नजर रखने के हिसाब से नए आकार में ढाला गया है। वैक्सीन में सुधार करने के लिए उन्होंने वायरस को ऐसा बना दिया है कि मानव की रोग प्रतिरोधक प्रणाली से बच निकले। मसलन रोग के विरुद्ध मनुष्य को कोई संरक्षण हासिल नहीं है। कावाओका ने यह भी दावा किया था कि उन्होंने 2014 में रिवर्स जेनेटिक्स तकनीक का प्रयोग कर 1918 में फैले स्पेनिश फ्लू जैसा जीवाणु बनाया है, जिसकी वजह से प्रथम विश्व युद्ध के बाद 5 करोड़ लोग मारे गए थे।

पोलियो, रैबिज और चिकनपॉक्स जैसे घातक रोगों के वैक्सीन पर उल्लेखनीय काम करने वाले वैज्ञानिक स्टेनली प्लॉटकिन ने भी कावाओका के काम के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा था, ऐसी कोई सरकार या दवा कंपनी है, जो ऐसे रोगों के विरुद्ध वैक्सीन बनाएगी जो वर्तमान में मौजूद ही नहीं हैं? हाल ही में त्वचा कैंसर के उपचार के लिए टी-बैक थेरेपी की खोज की गई है। इसके अनुसार शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को ही विकसित कर कैंसर से लड़ा जाएगा। इस सिलसिले में स्टीफन हॉकिंग ने सचेत किया था कि इस तरीके में बहुत जोखिम है। क्योंकि जीन को मोडीफाइड करने के दुष्प्रभावों के बारे में अभी तक वैज्ञानिक खोजें न तो बहुत अधिक विकसित हो पाई हैं और न ही उनके निष्कर्षों का सटीक परीक्षण हुआ है। दरअसल मानव निर्मित वायरस इसलिए खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इसे पहले से उपलब्ध वायरस से ज्यादा खतरनाक बनाया जाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस



श्वेता गोयल

मानवता की निःस्वार्थ धड़कन और स्वास्थ्य का भविष्य हैं नर्स

जब भी मानवता की सेवा का उल्लेख होता है तो श्वेत परिधान में लिपटी एक ऐसी छवि मानस पटल पर उभरती है, जिसमें करुणा, धैर्य और समर्पण का अनूठा संगम होता है। यह छवि है 'नर्स' की। समाज के स्वास्थ्य ढांचे में नर्सें वह रीढ़ हैं, जिनके बिना चिकित्सा विज्ञान की गगनचुंबी इमारतें ढह सकती हैं। प्रतिवर्ष 12 मई को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाकर धरती के इन 'फरिश्तों' के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करती है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जननी 'लेडी विद द लैंप' फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने क्रीमिया युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की सेवा कर नर्सिंग को एक गरिमामय पेशे के रूप में स्थापित किया। वर्ष 2026 में इस दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज (आईसीएन) ने इस वर्ष के लिए 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' जैसा अत्यंत सार्थक विषय चुना है। यह वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों को बचाने और उन्हें संवारने का एक रोडमैप है। नर्सिंग का पेशा केवल दवाइयां देने या घावों पर पट्टी बांधने तक सीमित नहीं है। चिकित्सा जगत में डॉक्टर को यदि मस्तिष्क माना जाए तो नर्सें निश्चित रूप से उस तंत्र की धड़कन हैं। अस्पताल के बंद कमरों में जब एक मरीज अपनी बीमारी से जूझ रहा होता है और उसके परिजन भी साथ नहीं होते, तब एक नर्स ही उसकी मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक बनती है। वे मरीजों के स्वास्थ्य संकेतकों की चौबीसों घंटे निगरानी करती हैं, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वे मरीज के टूटते हौसले को अपनी मुस्कान और सांत्वना से जीवित रखती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग को विश्वभर में सबसे भरोसेमंद और पवित्र पेशों में शुमार किया जाता है। एक सशक्त नर्स न केवल रोगी की शारीरिक व्याधि को दूर करने में सहायक होती है, बल्कि अपने नैदानिक कौशल और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता से मृत्यु के द्वार पर खड़े व्यक्ति को जीवनदान भी देती है। भारत के संदर्भ में देखें तो नर्सों के योगदान को पहचान देने के लिए सरकार ने 1973 में 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की थी। प्रतिवर्ष 12 मई को देश के महामहिम राष्ट्रपति उन नर्सों को सम्मानित करते हैं, जिन्होंने अपनी ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा से समाज में एक मिसाल कायम की है। अब तक सैंकड़ों नर्सिंग कर्मियों को यह सम्मान मिल चुका है, जो इस पेशे की महत्ता को दर्शाता है। हालांकि, पुरस्कारों और सम्मानों से परे नर्सों की वास्तविक स्थिति पर विमर्श करना भी आवश्यक है। आज भी दुनिया के कई हिस्सों में प्रशिक्षित नर्सों की भारी कमी है। विश्व बैंक और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें अक्सर इस ओर इशारा करती हैं कि विकासशील देशों से नर्सों का पलायन विकसित देशों की ओर हो रहा है। इसके पीछे बेहतर वेतन, बेहतर जीवन स्तर और कार्य की अधिक अनुकूल परिस्थितियां मुख्य कारण हैं। यह पलायन विकासशील देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर पर पड़ता है। किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य व्यवस्था का पैमाना यह नहीं है कि वहां कितने आधुनिक अस्पताल हैं, बल्कि यह है कि वहां प्रति व्यक्ति कितनी प्रशिक्षित नर्सें उपलब्ध हैं। वर्तमान में भारत में लगभग 1100 की आबादी पर एक नर्स है, जो आदर्श मानकों से काफी पीछे है। नर्सों के सामने आने वाली चुनौतियों में सबसे प्रमुख कार्यस्थल पर अत्यधिक दबाव और उचित सुविधाओं का अभाव है। विशेष रूप से निजी क्षेत्रों और छोटे शहरों में नर्सों को लंबे समय तक काम करना पड़ता है और इसके बदले उन्हें वह सम्मान या वेतन नहीं मिल पाता, जिसकी वे हकदार हैं। इस वर्ष की थीम 'सशक्त नर्सें' हमें अहसास कराती है कि हमें नर्सों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। एक थकी हुई और उपेक्षित नर्स कभी भी अपनी पूरी क्षमता से सेवा नहीं दे सकती। इसलिए, उन्हें नेतृत्व के पदों पर बिठाना और उनके लिए शोध एवं प्रशासनिक कार्यों के द्वार खोलना समय की मांग है। नर्सों का कार्य केवल बिस्तर के पास खड़े रहना नहीं है बल्कि वे स्वास्थ्य शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य और नीति निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वर्ष 1953 में जब डोरोथी सुथरलैंड ने पहली बार इस दिवस का प्रस्ताव रखा था, तब उद्देश्य केवल एक पेशे का जश्न मनाना नहीं था बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाना था। आज 2026 में जब हम इस दिवस को मना रहे हैं तो हमें यह समझना होगा कि नर्सें ही हमारे भविष्य की स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी हैं। सशक्त नर्सें ही एक सशक्त और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करेंगी।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित
प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहां उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोले- कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोला- बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोले- घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जाएगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोला- चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोले- तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

अंतर्मन



आज की पाती

एक वोट की ताकत

लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि जन-जन की भागीदारी का जीवंत प्रतीक है। इसमें हर नागरिक का वोट समान महत्व रखता है, चाहे वह गरीब हो या अमीर, शिक्षित हो या अशिक्षित। हाल ही में तमिलनाडु की तिरुपत्तूर विधानसभा सीट का परिणाम इस सत्य को फिर से प्रमाणित करता है, जहां मात्र एक वोट के अंतर से चुनाव का परिणाम तय हुआ। टीवीके के उम्मीदवार सीनिवसा सेतुपति आर ने डीएमके के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन को केवल एक वोट से हराया। यह घटना केवल एक चुनावी आंकड़ा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गहराई और उसकी शक्ति का सशक्त संदेश है। 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार लोकसभा में विश्वास मत के दौरान केवल एक वोट से गिर गई थी। उस एक वोट ने देश की राजनीतिक दिशा बदल दी। -आकाश साहू, रायपुर

ट्रेंड

सनातन संस्कृति का दिव्य प्रतीक



प्रभास पाटन के तट पर सोमनाथ मंदिर श्रद्धा, भक्ति और भारत की सनातन संस्कृति का दिव्य प्रतीक बनकर आज भी अडिग खड़ा है। इस पावन मंदिर ने बर्बर आक्रमणों, विदेशी हमलों और सदियों के चुनौतीपूर्ण कालखंड को पार करते हुए अपनी अमर चेतना को अक्षुण्ण रखा है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आत्मनिर्भर बनाने का रोडमैप



पेट्रोल-डीजल के उपयोग में संयम, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा और केमिकल फर्टिलाइजर को छोड़ नेचुरल फार्मिंग को अपनाने का प्रधानमंत्री आह्वान भारत को आत्मनिर्भर और ऊर्जा सुरक्षा राष्ट्र बनाने का स्पष्ट रोडमैप है। -अमित शाह, गृहमंत्री

युवाओं का भविष्य छीन रहे



एक बार फिर से नीट-यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर खबरें छप रही हैं। भाजपा राज में कई साल से परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है। इस बार भी तकरीबन 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। -प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद

मैं हार नहीं मानूंगी



डब्ल्यूएफआई में सत्ता में बैठे लोग चाहते हैं कि मैं इस खेल को छोड़ दूं, लेकिन मैं हार स्वीकार नहीं करूंगी। उन्हें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने दूंगी। आप मुझे 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' कह रहे हैं। क्या आपने अपनी भाषा देखी है? क्या आपको लगता है कि मैं वहां सुरक्षित हूं? -विनेश फोगाट, पहलवान

करंट अफेयर

गणित में भारत के योगदान वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन



विदेश मंत्री एस जयशंकर आज संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे, जिसमें सहस्राब्दियों के दौरान गणित के क्षेत्र में भारत के ऐतिहासिक और समृद्ध योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का शीर्षक है 'फ्रॉम शून्य टू अनंत (ज़ीरो टू इन्फिनिटी)- भारतीय सभ्यता का गणित में योगदान' जिसमें 2,000 से अधिक वर्षों में गणित के क्षेत्र में भारत के व्यापक योगदान और विचार, अनुप्रयोग तथा विकास की विरासत को उजागर किया जाएगा। जयशंकर दो से 10 मई तक जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की आधिकारिक यात्रा पर थे। वह सोमवार को न्यूयॉर्क जाएंगे और इस संक्षिप्त यात्रा के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि यह प्रदर्शनी संयुक्त राष्ट्र के राजदूतों, राजनयिकों, आगंतुकों और अन्य अधिकारियों को भारत की गणितीय विरासत और योगदान को मानवता की साझा धरोहर के रूप में देखने का अवसर प्रदान करेगी। यह विशेष प्रदर्शनी आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर जैसे महान भारतीय विद्वानों से लेकर केरल के खगोलशास्त्र और गणित विद्यालय तक की गौरवशाली परंपरा को सम्मानित करेगी।

ऑफ बीट

क्रूज जहाजों पर बीमारी फैलने का खतरा अधिक क्यों होता है



समुद्री क्रूज यात्राओं को आम तौर पर आरामदायक और विलासितापूर्ण छुट्टियों के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए ये जहाज यह समझने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं कि संक्रामक बीमारियां किस तरह तेजी से फैल सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, क्रूज जहाज अस्थायी तैरते शहरों की तरह होते हैं, जहां हजारों लोग कई दिन तक एक ही जगह पर रहते, खाते, घूमते और मनोरंजन करते हैं। रेस्तरां, थिएटर, लिफ्ट, केबिन, रसोईघर, जल प्रणाली और बंद सामुदायिक स्थान संक्रमण के प्रसार को आसान बना देते हैं। एक बार कोई संक्रमण जहाज पर पहुंच जाए तो उसे रोकना बेहद कठिन हो सकता है। 'डायमंड प्रिंसेस' जहाज से कोविड 19 का प्रसार इसका सबसे चर्चित उदाहरण माना जाता है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान 'डायमंड प्रिंसेस' जहाज पर 619 यात्री और चालक दल के सदस्य संक्रमित पाए गए थे। शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि जहाज की परिस्थितियों ने कोरोना वायरस के प्रसार को तेज किया। हालांकि पृथकवास और अलगाव जैसे कदमों से संक्रमण को कुछ हद तक नियंत्रित किया गया, लेकिन अध्ययन में यह भी कहा गया कि यदि शुरुआती प्रतिक्रिया और तेज होती तो मामलों की संख्या और कम हो सकती थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

ALLEN

NEET ka Next Attempt? Banao apna Best Attempt.




Exam easy ho ya difficult par competition tough hai. Stay ahead with ALLEN.


Doubt hai?	Concept mein confusion?	Sahi direction chahiye?
Hum solve karenge.	Hum clear karenge.	Hum guide karenge.

They made it happen with ALLEN. Now it's your turn.


Rudhi N. Khatua
AIIMS, Bhubaneswar
AIR 227807 → AIR 306
2024 2025


Deepak Kumar
ABVIMS, New Delhi
AIR 29890 → AIR 402
2024 2025


Samarth Sharma
AIIMS, Bhopal
AIR 103252 → AIR 409
2024 2025


Sanskar Sahu
AIIMS, Jodhpur
AIR 62157 → AIR 422
2024 2025


Ronak
SMS MC, Jaipur
AIR 28807 → AIR 445
2024 2025


Rajat
AIIMS, Jodhpur
AIR 85699 → AIR 485
2024 2025


Shubham Kr. Jha
AIIMS, Bhopal
AIR 46214 → AIR 490
2024 2025


Priyanshu Aanand
AIIMS, Rishikesh
AIR 26148 → AIR 588
2024 2025


Hariom Malav
AIIMS, Jodhpur
AIR 31622 → AIR 603
2024 2025


Palak Kumari
AIIMS, Jodhpur
AIR 25939 → AIR 606
2024 2025

*Graph not to scale

...and many more success stories

ADMISSION ANNOUNCEMENT (Session 2026-27)

NEET (UG) | JEE (MAIN+ADV.) | OLYMPIADS | BOARDS

Class 11th	Class 12th Pass	Class 12th Pass / Ex-ALLEN	Class 8th to 10th
Nurture Course	Leader Course	Achiever Course	Pre-Nurture & Career Foundation
NEET (UG): 12 & 28 May 2026 JEE (Main+Adv.): 12 & 28 May 2026	NEET (UG): 21 May 2026 JEE (Main+Adv.): 28 May 2026	NEET (UG) : 4 June 2026 (Only at Raipur)	CLASS 8th, 9th & 10th : 12 June 2026

Attention! Get up to 90%* Scholarship based on JEE/NEET 2026 rank/score. *T&C Apply.

SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
Test Dates 17 & 24 MAY

For test dates & course start dates visit website or nearest centre. *Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

ALLEN RAIPUR
8951395440
allen.ac.in/raipur

ALLEN BILASPUR
8951395460
allen.ac.in/bilaspur

ALLEN BHILAI
9048777388
allen.ac.in/bhilai

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of full-time, paid classroom courses.

नवा रायपुर, बिलासपुर, धमतरी बलौदाबाजार और भिलाई में पीपीपी मॉडल की परियोजनाएं होंगी शुरू



मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पीपीपी मूल्यांकन समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, बलौदाबाजार में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से बड़े निर्माण कराए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंत्रालय (महानदी भवन) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम की सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति ने विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के केंद्र में रही प्रमुख परियोजनाएं में बिलासपुर में ट्रांसपोर्ट नगर का विकास, नवा रायपुर में अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, धमतरी (छाती) एवं बलौदाबाजार (चंदेरी) मे नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास के अलावा भिलाई में कमर्शियल टॉवर और फ्लेटेड फैक्ट्री बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंत्रालय (महानदी भवन) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम की सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति ने विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की।

विकसित होंगी ये प्रमुख परियोजनाएं

बैठक में सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के केंद्र में रही प्रमुख परियोजनाएं में बिलासपुर में ट्रांसपोर्ट नगर का विकास, नवा रायपुर में अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, धमतरी (छाती) एवं बलौदाबाजार (चंदेरी) मे नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास के अलावा भिलाई में कमर्शियल टॉवर और फ्लेटेड फैक्ट्री बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है।

निवेश बढ़ाने और नियमों के सरलीकरण पर जोर

मुख्य सचिव विकासशील ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक परियोजनाओं को गति देने के लिए नियमों का सरलीकरण किया जाए। उन्होंने औद्योगिक ढांचे को सुदृढ़ करने और राज्य में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रक्रियाओं को बाधा-मुक्त बनाने पर बल दिया। इसके साथ ही, इंडस्ट्रियल पार्क के आवंटन नियमों में सुधार और उन्हें और अधिक पारदर्शी बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सचिव रजत कुमार ने एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पीपीपी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना की जानकारी दी। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में विधि एवं विधायी विभाग की प्रमुख सचिव सुषमा सावंत, वित्त विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, साथ ही सीएसआईडीसी, योजना और वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम साय असम में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में होंगे शामिल

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा असम में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में शामल होंगे। सोमवार की शाम को रायपुर से सभी विशेष विमान से गुवाहाटी के लिए रवाना हुए। रात्रि विश्राम गुवाहाटी में करने के बाद मंगलवार को शपथ ग्रहण में शामिल होने के बाद सभी वापस रायपुर लौटेंगे।



■ दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के साथ विशेष विमान से रायपुर से गुवाहाटी उड़े

असम में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। वहां पर हेमंत विश्वा शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया है। वे एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे और मंगलवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए ही प्रदेश के मुख्यमंत्री, दोनों डिप्टी के साथ गए हैं। असम चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ ही दुर्ग के सांसद विजय बघेल को एक-एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं को जिम्मा दिया था। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू पहले ही दिल्ली के गुवाहाटी पहुंच गए हैं। सांसद विजय बघेल परिवार में विवाह समारोह होने कारण नहीं गए हैं।

शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता

■ नगरीय प्रशासन विभाग की नई सचिव शंगीता आर . ने ली योजनाओं की प्रगति की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

14. बजरू के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -बिराजो बेवा स्व. बजरू	14. वंशवृक्ष मे नाम -बिराजो आ. स्व. बजरू आधार कार्ड में नाम - बिराजो बेवा स्व. बजरू (Birajo W/o Bajaru) वोटर कार्ड में नाम- बिराजो मिंज बेवा स्व. बजरू मिंज (Birajo Minj W/o Bajru Minj) बैंक पास बुक में नाम- **BIRAJO**				

खबर संक्षेप

जेएसडब्ल्यू एनर्जी के लाभ में 38 फीसदी का इजाफा



नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एनर्जी का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 574 करोड़ रुपये हो गया। 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में शुद्ध मुनाफा 415 करोड़ रुपये था। उसका कुल राजस्व 3,497 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर 4,851 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के निदेशक मंडल ने 10 रुपये के प्रत्येक शेयर पर दो रुपये (20 प्रतिशत) का लाभांश देने की भी सिफारिश की।

टोयोटा के नए संयंत्र में 2029 में शुरू होगा उत्पादन



नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर महाराष्ट्र में एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी जहां 2029 की पहली छमाही में उत्पादन शुरू किया जाएगा। जापान की मीडिया की खबरों के अनुसार मूल कंपनी टोयोटा मोटर भारत में क्षमता विस्तार के लिए महाराष्ट्र में लगभग 300 अरब येन (करीब 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर) का निवेश करने की योजना बना रही है। वाहन विनिर्माता कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि नया वाहन विनिर्माण संयंत्र महाराष्ट्र के बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा।

केनरा बैंक के मुनाफे में 10 प्रतिशत की गिरावट



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सोमवार का मार्च में समाप्त तिमाही के दौरान एकल शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 10 प्रतिशत घटकर 4,506 करोड़ रुपये रहा है। बेंगलुरु मुख्यालय वाले इस बैंक ने एक साल पहले की समान तिमाही में 5,002.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। मार्च, 2026 में उसकी कुल आय भी 1.85 प्रतिशत घटकर 36,662 करोड़ रुपये रह गई। जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 37,353 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) लगभग चार प्रतिशत बढ़कर 9,808 करोड़ रुपये रही, जो पहले 9,442 करोड़ रुपये थी।

ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स की 750 करोड़ रुपए जुटाने की योजना



नई दिल्ली। ऑनलाइन इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी का लक्ष्य आईपीओ के जरिये 750 करोड़ रुपये जुटाने का है। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, इस निर्गम में 750 करोड़ रुपये के नए शेयर और 57.10 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होगी। बेंगलुरु स्थित कंपनी 150 करोड़ रुपये तक का आईपीओ पूर्व निर्गम भी ला सकती है। इसके पूरा होने पर नए शेयर निर्गम का आकार उसी अनुपात में कम कर दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी की अपील से आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर संभव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक वर्ष तक सोने की खरीद टालने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एक उद्योग संगठन ने सोमवार को यह आशंका जताई।

- **प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक लोग इस उद्योग में कार्यरत**

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले रत्न एवं आभूषण उद्योग पर प्रधानमंत्री की इस अपील के बाद दबाव बढ़ सकता है।

रत्न एवं आभूषण परिषद के अध्यक्ष रोकड़े ने जताई आशंका

प्रतिबंध के बाद अधिक खरीदी देखी गई

रोकड़े ने कहा कि अतीत में इस तरह के मामलों में 'रिवेंज बाइंग' यानी प्रतिबंध के बाद अधिक खरीद की स्थिति भी देखी गई है, जिससे आगे चलकर सोने की मांग बढ़ सकती है। उन्होंने कहा, ''बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा क्षेत्र (बीएफएसआई), खुदरा, ई-कॉमर्स, आभूषण डिजाइनिंग और लॉजिस्टिक जैसे संबद्ध क्षेत्रों पर भी इसका असर पड़ेगा। इसलिए हम सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं।''



भारतीय परिवारों का सोने के साथ भावनात्मक जुड़ाव

जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने कहा कि सोने का भारतीय परिवारों से भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव है, लेकिन वर्तमान में आर्थिक स्थिरता के साथ मांग का संतुलन भी जरूरी है। गुप्ता ने कहा, आभूषण उद्योग का मानना है कि एक मजबूत एवं पारदर्शी स्वर्ण मौद्रीकरण योजना भारत के लिए दीर्घकालिक समाधान हो सकती है।

स्वर्ण मौद्रीकरण योजना का उपयोग किया जाए

अध्यक्ष ने कहा, /''हम सोने की जिम्मेदारी से खपत करने संबंधी प्रधानमंत्री की अपील को समझते हैं। यह बढ़ते आयात और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव की व्यापक राष्ट्रीय चिंता को दर्शाती है। लेकिन भारत में पहले से ही हजारों टन सोना घरों में रखा हुआ है। ऐसे में समाधान केवल सोने की मांग घटाने में नहीं, बल्कि स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) के जरिये मौजूदा सोने के उपयोग में है।/''

निष्क्रिय सोने को अर्थव्यवस्था में लाया जा सकता है

इस योजना के जरिये घरों और लॉकर में रखे निष्क्रिय सोने को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाया जा सकता है। इससे आयात घटेगा, चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव कम होगा और वित्तीय प्रणाली मजबूत होगी।

अंतर-मंत्रालयी बैठक के बाद विभाग ने कहा

खरीफ बुवाई सत्र के लिए उर्वरक का भंडार पर्याप्त, घबराहट में खरीद न करें: सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार घरेलू उत्पादन की पूर्ति सुनिश्चित करेगी

यूरिया के साथ अन्य उर्वरकों का आयात कर रही सरकार

उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य स्थिर बने हुए है

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में उर्वरकों का 'पर्याप्त' भंडार है। साथ ही किसानों से अपील की कि वे घबराकर खरीदारी न करें। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी बैठक में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने कहा कि सरकार घरेलू उत्पादन की पूर्ति के लिए और आगामी खरीफ मौसम के दौरान पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यूरिया के साथ-साथ अन्य उर्वरकों का आयात कर रही है।

शर्मा ने कहा कि प्रमुख उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर बने हुए हैं। शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र और राज्य सरकारें उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने एवं अत्यधिक इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत हैं। राज्य सरकारें जमाखोरी पर अंकुश लगाने और व्यावसायिक उपयोग के लिए उर्वरक तत्वों के दुरुपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई कर रही हैं।

भंडार सामान्य स्तर से काफी अधिक

अतिरिक्त सचिव ने कहा, '' भारत की उर्वरक सुरक्षा आरामदायक और सुव्यवस्थित बनी हुई है।'' शर्मा ने कहा, '' उर्वरक विभाग की ओर से यह बताया जाता है कि खरीफ 2026 के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुमानित आवश्यकता के मुकाबले भंडार 51 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि यह भंडार सामान्य स्तर (करीब 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है।

उर्वरकों की कुल आवश्यकता 390.54 लाख टन आंकी गई

कृषि विभाग ने खरीफ 2026 के लिए उर्वरकों की कुल आवश्यकता 390.54 लाख टन आंकी है। उन्होंने कहा, उर्वरकों का भंडार पर्याप्त है और प्रमुख उर्वरकों के एमआरपी में कोई बदलाव नहीं हुआ है।''संकट काल के बाद घरेलू उत्पादन 76.78 लाख टन और आयात 19.94 लाख टन रहा है।

साप्ताहिक समीक्षा जारी है

इससे अगले 15-20 दिन में शुरू होने वाले सबसे अधिक मांग के समय में पर्याप्त उपलब्धता बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि सचिवों का एक अधिकार प्राप्त समूह इस स्थिति की साप्ताहिक समीक्षा कर रहा है।



घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा

उर्वरक विभाग ने पिछले सप्ताह जानकारी दी थी कि मार्च-अप्रैल के दौरान घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा है। इसमें यूरिया (40.72 लाख टन), डीएपी (5.39 लाख टन), एनपीके (13.65 लाख टन) और एसएसपी (आठ लाख टन) शामिल हैं।

97 लाख उर्वरक की उपलब्धता बढ़ी है

शर्मा ने जानकारी दी, '' इस प्रकार कुल 97 लाख टन उर्वरक की उपलब्धता बढ़ी है।''शर्मा ने बताया कि भारत ने वैश्विक स्रोतों से सात लाख टन 'एनपीके कॉम्प्लेक्स' सुरक्षित किए हैं। इसके अलावा, देश के लिए 12 लाख टन डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट), चार लाख टन ट्रिपल सुपर फॉस्फेट और तीन लाख टन अमोनियम सल्फेट भी सुनिश्चित किए गए हैं।

इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में पांच फीसदी की गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक वृद्धि से जुड़ी चिंताओं के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में अप्रैल माह के दौरान 38,440 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो मार्च के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत कम है। उद्योग निकाय एम्फी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से किया जाने वाला मासिक योगदान भी घटकर 31,115 करोड़ रुपये रह गया, जबकि मार्च में यह 32,087 करोड़ रुपये था। म्यूचुअल



फंड उद्योग में समग्र रूप से अप्रैल के दौरान 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया, जबकि मार्च में 2.4 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। अप्रैल में यह बढ़त मुख्य रूप से ऋण-आधारित डेट फंड्स में 2.5 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश से आई। इस प्रवाह के चलते उद्योग की कुल प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 11 प्रतिशत बढ़कर अप्रैल के अंत तक 81.92 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो मार्च के अंत में 73.73 लाख करोड़ रुपये थीं।

Office of the Collector,
District South Bastar Dantewada (C.G.)
(Sports and Youth Welfare Department)

Sl.No./126/RFP/Sports/2026-27/ Dantewada, Dated-11/05/2026

Third Revised Call

Subject: Third Revised Request for Proposal (RFP) for Selection of Execution Partner for Establishment, Operation, and Management of Football Residential & Training Academy, Dantewada

Issue Date: 11/05/2026

The District Sports Office, Dantewada, Government of Chhattisgarh, hereby issues the Third Revised Call for Proposals for selection of an Execution Partner for the establishment, operation, and management of a structured Football Residential & Training Academy in Dantewada District.

All prospective bidders are hereby informed that certain revisions have been made in the RFP document. This document shall be treated as the complete and final RFP.

Accordingly, all eligible and interested football training organizations, academies, foundations, and sports management companies are advised to carefully review the revised RFP document before submission.

The objective of this initiative is to create a district-level football excellence center and a long-term talent pipeline, with special focus on tribal and remote-area youth.

Tender Submission Deadline:

Last Date: till18/05/2026 4:00 PM | Opening Date: 18/05/2026 during office hours

The detailed revised RFP document can be downloaded from the official website:

https://dantewada.nic.in/

(Bidders are advised to regularly visit the website for updates, if any.)

Eligible applicants must submit their physical proposals (in two envelopes - Technical and Financial)

in accordance with the revised RFP document to:

District Sports Officer,
Office of District Sports Office, Collectorate Campus,
Dantewada, District Dantewada, Chhattisgarh - 494449

Important Notes:

Late submissions will not be considered.

Proposals will be opened in the presence of the evaluation committee at the District Administration Office, Dantewada.

The Authority reserves the right to accept or reject any proposal without assigning any reason.

District Sports Officer (DSO)
Nodal Officer-Football Academy Project
District Sports Office
District Dantewada, Chhattisgarh
Pin Code 494449

G-262700619/4

ईरान के शांति प्रस्ताव को ट्रंप ने ठुकराया, सोना 600 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है।



- **सोना टूटकर 1.55 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया**
- **चांदी 3,700 रुपए बढ़कर 2,65,000 प्रति किलो पहुंच गई**

अमेरिका द्वारा ईरान की प्रतिक्रिया ठुकराने के बाद पश्चिम एशिया में फिर से संघर्ष शुरू होने का डर बढ़ गया और कच्चे तेल की कीमतें ऊपर चली गई हैं। देश की विदेशी मुद्रा को बचाने की कोशिश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अपील से भी सोने पर अतिरिक्त दबाव पड़ा, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल के लिए गैर-ज़रूरी सोने की खरीदारी टालने का आग्रह किया था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। यह शुक्रवार के बंद भाव 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार को सोने पर दबाव इसलिए बढ़ा क्योंकि अमेरिका-ईरान बातचीत में आई नई रुकावटों ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता को फिर से बढ़ा दिया।''

हाजिर सोने में एक फीसदी की गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना एक प्रतिशत से अधिक टूटकर 4,661.68 डॉलर प्रति औंस रह गया, और चांदी भी मामूली गिरावट के साथ 80.28 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, उपाध्यक्ष - (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोना थोड़ा कमजोर रहा, क्योंकि बाजारों ने अमेरिका-ईरान शांति प्रस्तावों से जुड़े नकारात्मक घटनाक्रमों पर सावधानी से प्रतिक्रिया दी।

पश्चिम एशिया संकट से पैदा हो रहा भारी दबाव : सुनील मित्तल



नई दिल्ली। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया का संकट भारी दबाव पैदा कर रहा है। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे ऊर्जा लागत को कम करने और सोने के आयात के जुनून से दूर रहने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुझाव का पालन करें। मित्तल ने सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि देश में अधिक निवेश करने और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, यह कठिन समय है। एक देश के रूप में हम शानदार गति से आगे बढ़ रहे हैं और सालाना 6-7 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहे हैं। आमतौर पर चीजें बहुत अच्छी दिख रही हैं, लेकिन कुछ ऐसी स्थितियां बन जाती हैं जो किसी के नियंत्रण में नहीं होतीं।

रुपया 82 पैसे टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर 95.31 डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 82 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 95.31 (अस्थायी) पर आ गया। अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नागरिकों से सोना खरीदने से बचने और मितव्ययिता उपायों को अपनाने का आग्रह करने से बाजार की धारणा और कमजोर हो गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने रुपये पर और दबाव डाला।

जम्मू-कश्मीर में 12 चूना ब्लॉक की होगी नीलामी...



नई दिल्ली। सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 12 चूना पत्थर ब्लॉक की नीलामी करेगी। यह नीलामी केंद्र शासित प्रदेश के खनन क्षेत्र को पटरी पर लाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का रास्ता साफ करेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''खान मंत्रालय 12 मई, 2026 को श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में चूना पत्थर ब्लॉक की नीलामी के दूसरे चरण की शुरुआत करने जा रहा है। दूसरे चरण के तहत, खान मंत्रालय जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से 12 चूना पत्थर ब्लॉक की नीलामी कर रहा है। ये ब्लॉक अनंतनाग, राजौरी और पुंछ जिलों में स्थित हैं और इनमें नये चिन्हित ब्लॉक और दूसरी बार पुनः नीलाम किए जा रहे ब्लॉक दोनों शामिल हैं।

यूपीएल के मुनाफे में 20 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। कृषि रसायन और फसल सुरक्षा क्षेत्र की कंपनी यूपीएल का मजबूत बिक्री के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 1,294 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 1,079 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

सीसीआईएल वेबसाइट पर रुपए के बंद भाव में त्रुटि

मुंबई। क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) की वेबसाइट पर शुक्रवार को रुपये के बंद भाव का आंकड़ा गलत दर्ज हुआ था। देर से हुए एक सौदे के निरस्त होने को इसमें शामिल नहीं किया गया जिससे आंकड़ा अधिक दिखा। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.51 पर बंद हुआ जो 71 पैसे की तेज बढ़त दर्शाता है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक-2375/NIT-02/2026-2027/ व ले लि दिनांक : 07/05/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 18-05-2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-28-05-2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29-05-2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि :- 31-12-2026 वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत :- 750/- रूपये
निविदाकारों की श्रेणी :- ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
2 T0037	उपसंभाग बिलासपुर के बेलतरा सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य	10.00	7500.00
2 T0038	उपसंभाग बिलासपुर के रतनपुर सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य	10.00	7500.00
2 T0039	शासकीय टी.सी.एल.स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर के 50 बिस्तरीय हॉस्टल भवन में विद्युतीकरण कार्य	9.72	7290.00
2 T0040	उपसंभाग बिलासपुर के सीपत सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य	10.00	7500.00
2 T0041	उपसंभाग बिलासपुर के कोनी सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य	10.00	7500.00
2 T0042	आई.टी.आई. भवन मुंगेली में सर्विस केबल, मेन एम सी बी डी बी और अर्थिंग लगाने का कार्य	3.65	3650.00
2 T0043	बहतराई जिला बिलासपुर में स्थित भूविज्ञान और खनन भवन में 01 नग एल टी पैनल और सर्विस केबल एवं 01 नग सबमर्सिबल पंप की आपूर्ति, स्थापना, परिक्षण और कमीशनिंग का कार्य	7.50	5625.00
2 T0044	कमिश्नर कार्यालय बिलासपुर जिला बिलासपुर में जोकी पम्प, पैनल, एमसीसीबी और अर्थिंग लगाने का कार्य	9.54	7155.00
2 T0045	उपसंभाग बिलासपुर के बहतराइ सेक्शन में पोल शिफ्टिंग का कार्य	10.00	7500.00
2 T0046	उपसंभाग बिलासपुर के हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर में पोल शिफ्टिंग का कार्य	10.00	7500.00

नोट :- 1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा। 2. निविदा फार्म का लिफाफा 2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बडे लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी। 3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./एफ.डी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है। 4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है। 5. वित्तीय वर्ष 2025-26 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 6. विगत 03 वर्षो का आयकर रिर्टन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 7. ईपीएफ नंबर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

G-262700621/3

15. बजरू के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -कृष्णा स्व. बजरू	15. वंशवृक्ष मे नाम -कृष्णा आ. स्व. बजरू आधार कार्ड में नाम - कृष्णा आ. स्व. बजरू (Krishna S/o Bajru) वोटर कार्ड में नाम- कृष्णा उरांव आ. स्व. बजरू उरांव (Krishna Uranv S/o Bajroo Uranv) बैंक पास बुक में नाम- **KRISHNA**				
16. बजरू के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -वरण गिध्द स्व. बजरू	16. वंशवृक्ष मे नाम -बरन आ. स्व. बजरू आधार कार्ड में नाम - बरन गिध आ. स्व. बजरू (Varan Gidh S/o Bajru) वोटर कार्ड में नाम- बरन गिधा आ. स्व. बजरू गिधा (Varan Gidha S/o Bajroo Gidha) बैंक पास बुक में नाम- **VARAN GIDH**				
17. लालसाय के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -प्रेमसाय आ. स्व. लालसाय	17. वंशवृक्ष मे नाम -प्रेमसाय आ. स्व. लालसाय आधार कार्ड में नाम - प्रेम साय आ. स्व. लालसाय (Prem Say S/o Lalsay) वोटर कार्ड में नाम- प्रेम साय आ. स्व. लाल साय (PREM SAY S/O LALSAY) बैंक पास बुक में नाम- **PREMSAY**				
18. लालसाय एवं उसके पुत्र अलंग साय के फौत हो जाने के कारण वारिसो का नाम निम्न है:- शपथ पत्र के अनुसार वर्तमान भूमि स्वामी का सही नाम -सरिता गिध्द बेवा अलंग साय	18. वंशवृक्ष मे नाम -सरीता गिद्ध बेवा स्व. अलंगसाय आधार कार्ड में नाम - सरिता गिद्ध बेवा स्व. अलंगसाय गिद्ध (Sarita Gidh W/o Alangsai Gidh) वोटर कार्ड में नाम- सरीता गिद्ध बेवा स्व. अलंग साय गिद्ध (Sarita Gidv W/o Alang Saya Gidv) बैंक पास बुक में नाम- **SARITAGIDH**				

उपरोक्त दर्शाये गये भूमि खसरा नम्बर के सामने दर्शाये गये व्यक्तियो को रोजगार दिया जाना है। जिसमें यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति है, तो समाचार पत्र मे प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर निम्न पते पर लिखित शिकायत दर्ज कर सूचित करें:- पता:- उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, कार्यालय-जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगाँव क्षेत्र, धरमपुर, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर छ.ग.

SECL/26-27/28

उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, एसईसीएल, भटगांव क्षेत्र

प्रथम पृष्ठ का शेष

बदला गांजा तस्करी...

बाद अब तस्कर कपड़ा फेरीवाले बनकर कपड़े के ढेर के पीछे गांजा तस्करी करने नया पैंतरा अजमा रहे थे। पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत तस्करों के इस नए पैंतरे को भी फेल कर दिया।

गांजा तस्करी करते गिरफ्तार तस्कर -

महासमुंद, बसना, कोमाखान - ओडिशा, बालिगुड़ा से गांजा तस्करी कर मध्यप्रदेश ले जाते पुलिस ने मेताप टाटिया, रमेश चौहान, राजू कुमावत टाकिया, दीपक राजपूत, प्रकाश बंजारा, मोहम्मद रिहान, मनोज सिंह, चंद्रशेखर एकनाथ, जितेन्द्र यादेनकर, विकास एकनाथ को गिरफ्तार किया है।

धमतरी- गाड़ी जांच के दौरान पुलिस ने गांजा तस्करी करते राजेश ओबनी, दौलत सिंह तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपी मध्यप्रदेश, बैतूल तथा खंडवा के करने रहने वाले हैं।

कोलकाता ने बहाया ...

बल्लेबाजों और गेंदबाजों को बहुत ज्यादा एकतरफा मदद नहीं मिली थी और मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा था। रायपुर की इस पिच की प्रकृति को देखते हुए कोलकाता की टीम प्रबंधन अब नई रणनीति तैयार कर रही है, ताकि 13 मई के महामुकाबले में आरसीबी को मात दी जा सके।

आज फिर नेट्स पर पसीना बहाएंगी आरसीबी-

रविवार की शानदार जीत के बाद एक दिन का आराम के बाद आरसीबी की टीम आज शाम 5 बजे फिर से अभ्यास करने मैदान में उतरेगी। जानकारी के अनुसार, शाम 5 बजे के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों टीमें शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम पहुंचेंगी और आगामी महामुकाबले के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगी। खिलाड़ियों के कड़े अभ्यास के लिए स्टेडियम में कुल 9 पिचें तैयार की गई हैं। ऐसे में दोनों टीमों के खिलाड़ी एक ही समय पर अलग-अलग पिचों पर अपनी सुविधानुसार प्रैक्टिस कर सकेंगे। टीम प्रबंधन और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए, इस अभ्यास सत्र के दौरान स्टेडियम में आम दर्शकों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

पश्चिम एशिया संकट...

से जुड़े संभावित जोखिमों की समीक्षा की गई। सरकार ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि जरूरी सामानों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने का आग्रह करता हूं, क्योंकि सरकार सप्लाई चेन में किसी भी कमी या रुकावट को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

वैश्विक उथलपुथल और चुनौतियों का सामना करने में जनता की सामूहिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अपील आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि यह प्रधानमंत्री का कठिन वैश्विक दौर में ऊर्जा संरक्षण के प्रति बड़ा संदेश है। यह बैठक संघर्ष से उत्पन्न होने वाले संभावित जोखिमों, विशेष रूप से ऊर्जा आपूर्ति और जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता से संबंधित जोखिमों की समीक्षा करने के लिए आयोजित की गई थी। पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार कदम उठा रही है कि देश में जरूरी सामान की कोई कमी न हो।

वैष्णव बोले- विदेशी मुद्रा बचाने में सहयोग करें देशवासी-

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के जल्द थमने के आसार नहीं दिखने की वजह से नागरिकों से विदेशी मुद्रा भंडार को बचाकर रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया गया है। वैष्णव ने यहां सीआईआई के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में कहा कि हालिया घटनाक्रम को देखते हुए पश्चिम एशिया में संघर्षविराम अभी 'बहुत दूर' नजर आ रहा है। उन्होंने कहा, हम बहुत अनिश्चितता वाले समय में हैं। हमारी किसी गलती के बगैर, हमारे पड़ोस में दो देशों के बीच चल रहे युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है।

सरकारी आंकड़ा-...

प्रतिशत लोगों के पास रोजगार है या काम धंधा उपलब्ध है। यह बात आसानी से गले उतरने वाली लगती नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम बनी हुई है, लेकिन क्या ये आंकड़े पूरी कहानी बयां करते हैं?

ताजा आंकड़ों (जनवरी - दिसंबर 2025) के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए कुल बेरोजगारी दर (यूआर) 2.3 प्रतिशत दर्ज की गई है। ग्रामीण बनाम शहरी- छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में यह दर मात्र 1.8 प्रतिशत है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह बढ़कर 5.7 प्रतिशत हो जाती है। पुरुषों में बेरोजगारी दर 2.4 प्रतिशत है, जबकि महिलाओं में यह और भी कम 2.2 प्रतिशत दर्ज की गई है।

ट्रंप ने दुकराया...

देने से इंकार कर दिया। इसी बीच, रिपब्लिकन पार्टी से सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ट्रंप को अब सैन्य कार्रवाई करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं राष्ट्रपति ट्रंप के ईमानदार प्रयासों की सराहना करता हूं, जो ईरानी आतंकवादी शासन के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए कूटनीतिक समाधान तलाश रहे हैं।' ग्राहम ने कहा, हालांकि, अंतरराष्ट्रीय नौवहन पर उनके लगातार हमलों, हमारे सहयोगियों पर निरंतर हमलों और अब अमेरिका के कूटनीतिक प्रस्ताव पर पूरी तरह अस्वीकार्य प्रतिक्रिया को देखते हुए, मेरी राय में अब दिशा बदलने पर विचार करने का समय आ गया है।

ट्रंप ने 'एक्सियोस' से कहा कि उन्होंने रविवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की तथा इस बीच ईरान से प्राप्त जवाबों समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने नेतन्याहू से हुई बात को लेकर कहा, 'बातचीत बहुत अच्छी रही। हमारे संबंध अच्छे हैं। लेकिन ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान वार्ता 'अन्य किसी का नहीं बल्कि मेरा अपना मुद्दा है।' अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान से युद्ध शुरू किया था तथा आठ अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति के बाद हमले रोक दिए गए। अमेरिका और ईरान के बीच दुश्मनी को खत्म करने के लिए एक समझौते पर बातचीत की जा रही है, लेकिन अब तक शांति संभव नहीं हो पाई है।

लेबनान में इजराइली हमले तेज-

दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हमलों में 39 लोगों की मौत हुई। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2 मार्च से अब तक 103 मेडिकल कर्मी मारे जा चुके हैं। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि इजराइल गाजा जैसी रणनीति अपना रहा है।

जंग का असर खाड़ी देशों तक पहुंचा-

यूएई और कुवैत में ड्रोन अलर्ट जारी हुआ। क्षेत्र में सुरक्षा चिंता लगातार बढ़ रही है।

हिमंता असम के...

अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ-साथ राजग शासित राज्यों के 40 से अधिक मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के उपस्थित रहने की संभावना है। प्रदेश भाजपा के मीडिया संयोजक ध्रुवज्योति मारल ने बताया कि सभी 126 निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को एकजुट किया जा रहा है और इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम स्थल पर तीन मंच होंगे।

एनडीए की हैट्रिक- भाजपा नीत गठबंधन के 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में पहली बार सत्ता में आने के बाद से यह राज्य में राजग का लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। राजग में भाजपा, असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) शामिल हैं। गठबंधन ने 126 सदस्यीय विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीट पर जीत दर्ज की। भाजपा ने अकेले 82 सीट जीतकर राज्य में पहली बार अपने दम पर बहुमत हासिल किया, जबकि अगप और बीपीएफ को 10-10 सीट मिलीं।

चिकन और तरबूज...

खाई थी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धुरकोट में मामा के घर पहुंचे धीवर परिवार के बच्चों और परिजनों ने रविवार की रात में चिकन खाया। इससे पहले शाम को चार बच्चों 15 वर्षीय अखिलेश धीवर, 13 वर्षीय हितेश धीवर, 17 वर्षीय पिंटू धीवर और 4 वर्षीय श्री धीवर ने एक साथ तरबूज खाई थी। रात का खाना खाने के कुछ घंटे बाद ही एक-एक कर सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चों को पेट में तेज दर्द के साथ उल्टी होने लगी। अखिलेश धीवर की तबीयत ज्यादा खराब होने पर परिजन पहले उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बाकी तीन बच्चों को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हितेश धीवर, पिंटू धीवर और श्री धीवर का अस्पताल में उपचार जारी है। डॉक्टर लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं।

स्टेडियम में दर्शकों की जेब पर डाका, 50 का पानी 150 में बिका

रायपुर। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में रविवार को आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए हाई-वोल्टेज मुकाबले में जहां मैदान पर रोमांच था, वहीं दर्शक दीर्घा में भारी अव्यवस्था देखने को मिली। मैच देखने पहुंचे करीब 60 हजार दर्शकों को खाने-पीने की चीजों के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्टेडियम के अंदर खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडर्स ने खुलेआम लूट मचाई और तय कीमत से दो से तीन गुना अधिक दाम वसूले।

स्टेडियम के अंदर हालात ये थे कि 50 रुपये वाली पानी की बोतल 150 रुपये में बेची जा रही थी। वहीं, कोक, चिप्स, समोसा, सैंडविच और पिज्जा जैसी 100 रुपये वाली खाने की चीजें 200 रुपये से अधिक में दी गईं। जब दर्शकों ने इस खुली लूट का विरोध किया और वीडियो बनाना शुरू किया, तब भी वेंडर्स के हौसले बुलंद रहे और वे बिना किसी खौफ के मनमाने दाम वसूलते रहे। महंगी खाद्य सामग्री और मनमानी के ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं, जिन पर क्रिकेट फैंस अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। स्टेडियम के अंदर पानी व खाने की चीजें बेचने का जिम्मा आरसीबी द्वारा तय की गई एजेंसी के पास था।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध तेवारें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हर्नी बस्ट प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
एक बार उपयोग कर देखें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com
Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है-फील्ड कार्य हेतु मैनेजर, पेमेंट रिकवरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बिजी, जीएसटी अकाउंट कोटेशन अनुभवी वाले लड़कों, लड़कियों, एवं मिस्त्री मैकेनिक चाहिए सम्पर्क करें- गोड़पारा गुरुद्वारा के बाजू में बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (40805)

आवश्यकता है-ट्रान्सपोर्ट लाइन हाइवा फील्ड वर्क हेतु 21 से 31वर्ष के बिलासपुर निवासी लड़के की आवश्यकता है। स्वयं का वाहन अनिवार्य। फील्ड में गाड़ी मेंटेनेंस, अन्य कार्य हेतु आना जाना रहेगा। पेट्रोल कम्पनी द्वारा दिया जाएगा वेतन योग्यता अनुभव और कार्य क्षमता अनुसार। सम्पर्क करें- 91093 95522 (40834)

आवश्यकता है-आर्डर बुकिंग एवं माल डिलिवरी हेतु लड़कों की आवश्यकता है। गाड़ी हो। स्वयं का वाहन अनिवार्य। सम्पर्क करें- शारदा मेडिकल एजेन्सीज तेलीपारा मेडिकल काम्पलेक्स बिलासपुर (कृपया नशा करने वाल सम्पर्क ना करें) (40836)

आवश्यकता है-लॉज में रूम सर्विस हेतु एक कर्मचारी एवं डेलीनीड्स शॉप हेतु एक कर्मचारी की आवश्यकता है रहने खाने की सुविधा पता- होटल श्रीलक्ष्मी लॉज, मनोहर टॉकीज के सामने, जूना बिलासपुर (40835)

आवश्यकता है-अनुभवी नशा मुक्त कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 15000 सम्पर्क करें- सक्षम टीएमटी सुनयन चश्मा के बगल में, सदर बाजार, करोना चौक बिलासपुर (40818)

आवश्यकता है-हॉस्टल स्टाफ की आवश्यकता है DAC academy hostal Raipur रसोइया (Cook) वेतन 15000- 20000/- प्रतिमाह सहायक (helper) वेतन 12000- 15000/- प्रति माह सफाई कर्मचारी वेतन 8000- 10000/- प्रतिमाह सुबह एवं शाम की शिफ्ट उपलब्ध संपर्क करें -81098 10976 (4696)

आवश्यकता है-बिलिंग और स्टॉक पैकिंग, डिस्पेचिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है बिलिंग हेतु BUSY में काम किए हुए लड़के ही सम्पर्क करें- मीनाक्षी स्टील एजेन्सी पुराना हाईकोर्ट के सामने बिलासपुर 9669916000 (40801)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वाय चाहिए योग्यता 10वीं, वेतन 9000-10000 पता- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी वेस्ट साइड शोरूम के बाजू, व्यापार विहार रोड बिलासपुर (40829)

आवश्यकता है-मेडिकल एजेन्सी में पैकिंग, डिलीवरी, पेमेन्ट कलेक्शन एवं सेल्समेन हेतु लड़के/ लड़कियों, पार्ट/ फुल टाइम, रिटायर्ड की आवश्यकता है वेतन अनुभव अनुसार पता- सिटी केमिस्ट मेडिकल काम्प्लेक्स बिलासपुर 7263990778, 9827193199 (40827)

आवश्यकता है-क्लीनिक और रिटेल दवाई दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों और लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- कृष्णा स्कीन क्लीनिक सरकंडा बिलासपुर 7999677226 (40820)

आवश्यकता है- दुकान एवं घरेलू कार्य हेतु युवक की आवश्यकता है। रहने, खाने की सुविधा। सम्पर्क करें- सुबह 11 से 2बजे एवं शाम 5 से 9बजे गगन फ्लेक्स 27खोली चौक बिलासपुर 9039768650 (40811)

आवश्यकता है-एम्बियंस इंफ्रा ग्रुप बिलासपुर को आवश्यकता है सिविल सुपरवाइजर- 2पद अनुभव- न्यूनतम- 7वर्ष, वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- साइट एड्रेस दयालबंद बिलासपुर 7049810000 (40812)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर जानकार एवं टेली अनुभवी एक योग्य युवती चाहिए। सम्पर्क करें- साईं ट्रेडर्स, कैंट आरो आर्थराइज्ड सर्विस सेन्टर, श्याम प्लाजा नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 9770491492 9589583987 0775241192 (40804)

आवश्यकता है-घरेलू गाड़ी चलाने के लिए चार से पांच वर्ष अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है आधार कार्ड एवं लाईसेन्स के साथ सम्पर्क 9827223400 (40814)

आवश्यकता है-कम्प्यूटर ऑपरेटर टेलीकॉलिंग एवं सेल्स (अनुभवी) की आवश्यकता है। इंटरव्यू सुबह 10:30 से शाम 5.30 सम्पर्क करें- वरुण सुजुकी राजीव गांधी चौक, रायपुर रोड, बिलासपुर 9174734567 (40823)

आवश्यकता है-CCTV कैमरा कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है इंस्टॉलेशन, फील्ड कार्य के अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी, अन्य सुविधा चर्चा अनुसार। सम्पर्क करें- Techonica IT Solution राजकिशोर नगर बिलासपुर 8871111809 (40809)

आवश्यकता है-टिफिन सेन्टर में खाना और नाश्ता बनाने के लिए कुक की आवश्यकता है। घर जैसा नाश्ता खाना बनाना है। सम्पर्क करें- पद्मावती नाश्ता और टिफिन सेन्टर मंगला बिलासपुर 9755655055 (40816)

आवश्यकता है-श्रेष्ठ डेंटल लैब में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- डाउन टाउन होटल सहारा ऑफिस के पास राजकिशोर नगर बिलासपुर 8103333630 (40822)

आवश्यकता है-लॉज में डे और नाईट में काम करने हेतु लड़कों एवं ऑटोपार्ट्स दुकान में काम करने हेतु लड़के और लड़कियों को आवश्यकता है पता- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 7869523344, 7301717175 (40806)

आवश्यकता है-रावतपुरा युनिवर्सिटी रायपुर में सुपरवाइजर सुरक्षागार्ड चाहिए। ऊंचाई पुरुष 5'-6" लड़कियां 5'-5" वेतन सुपरवाइजर 16000, सुरक्षागार्ड 14000 अनुभवी को प्राथमिकता पता- एक्समैन सिक्यूरिटी वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 83499 74442 (40786)

आवश्यकता है-सिक्युरिटी कम्पनी में दिन या रात में काम करने हेतु इच्छुक व्यक्ति की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, सम्पर्क करें- उमा सिक्योरिटी सर्विसेज बहतराई चौक सरकंडा बिलासपुर 9981630084, 94255 34940 (40826)

आवश्यकता है-मैग्नाइज्ड लाड्री कोचिंग डिपो एसईसी रेल्वे बिलासपुर एवं तोरवा स्थित लॉण्ड्री में ठेके के अन्तर्गत कार्य करने हेतु लड़की एवं लड़कों की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 8878641114 (40802)

Required- Wanted Labor and Driver for Cement truck in GOA Work for full year Accomm odation free Contact- 9923247298, 9422443730(26-5249)

आवश्यकता है-खिलौना दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है एवं कॉर्टून पैकिंग करने वालों की भी आवश्यकता है सम्पर्क करें नैतिक ट्रेडर्स होटल अजीत के सामने बिलासपुर 91093 20238 (40819)

आवश्यकता है-सीएससी एवं च्वाइस सेन्टर के लिए टेलीकॉलिंग के लिए 6 युवतियों, महिलाओं की तत्काल आवश्यकता है समय 11से6 वेतन योग्यता अनुसार 10000 से 15000, सम्पर्क करें- 7898578993, 88173 58601 (40824)

आवश्यकता है-रुम सर्विस के लिए दो लड़के एक मिस्त्री एक खाना बनाने के लिए बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 10 से दोपहर 3बजे तक, हॉटल राज दयालबंद बिलासपुर 07752402971 (40817)

आवश्यकता है-थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्याता अनुसार सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 (40779)

आवश्यकता है-आफिस में साफ सफाई कर्मचारी, टेलीकालिंग स्टाफ, कम्प्यूटर स्टाफ, शिक्षक/ शिक्षिका (बायो) कार्य हेतु महिला, पुरुष की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- मध्यनगरी चौक बिलासपुर प्रकाशन काम्प्लेक्स बिलासपुर 8770068557 (40808)

आवश्यकता है- ऑफिस मैनेजर वर्क साइड वर्क रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण एवं नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9770770000, 9827072000 (40707)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यता अनुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 77460 00016, 7747000016, 77470 00019, 7746000019 (015)

आवश्यकता है-ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग हेतु 2 लड़के, 4 लड़कियों की। वेतन 8000 कार्य समय 10 से 8 सम्पर्क- पाहवा इंटरप्राइजेज, गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 8109168000 (40781)

आवश्यकता है-भारत के सबसे बड़े राइड बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं कॉल करे- सम्पर्क करें- 8929449955 (63172)

बेचना है

बेचना है-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एस.के. बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (40711)

बेचना है-नया मकान बेचना है, कीमत 90लाख, निर्माण ग्राऊण्ड फ्लोर 2200 वर्गफीट, प्रथम फ्लोर 1000 वर्गफीट, प्लॉट साइज 50×50= 2500 वर्गफुट, स्वतंत्र बोरिंग, हंसिका विहार कालोनी, उस्लापुर सम्पर्क करें- 9893913366, 9039032178 (40831)

बेचना है-नेहरू नगर लूथरा हास्पीटल के पीछे सीके टॉवर प्रथम तल में माड्युलर किचन एवं कव्हर आलमारी से सुसज्जित सेमी फर्निश्ड फ्लैट कीमत 45लाख में बेचना है। सम्पर्क करे- 8839226291, 9425594609 (40833)

बेचना है-वैष्णवी अपार्टमेंट के तृतीय तल पर मसानगंज बिलासपुर में 2BHK फ्लैट बेचना है इच्छुक व्यक्ति, संस्थान सम्पर्क करें- 08817 387841, 7974809122 (40815)

बेचना है-सकरी परसदा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे, सृष्टि संस्कृति कॉलोनी के पास 2BHK, 3BHK नवनिर्मित मकान एवं प्लॉट उपलब्ध है सम्पर्क करें- 9131115900 (40825)

बेचना है-आरबी ग्रीन विहार कालोनी, तिफरा यदुनन्दन नगर बिलासपुर मे सर्वसुविधायुक्त 4BHK मकान अतिशीघ्र बेचना है। नये बस स्टैण्ड से मात्र 1KM कीमत 65 लाख। खरीददार ही सम्पर्क करें- 8319407736, 97553 22838 (40810)

बेचना है-40×75=3000 फुट पश्चिम मुखी जैन होस्टल वाली गली CMD चौक पास विनोबा नगर में हॉस्टल एवं PG बनाने हेतु उपयुक्त शानदार लोकेशन में। कीमत 4500/- फुट सम्पर्क- 9827938236, 8817374543 (40803)

किराया

किराया-प्रीमियम वेयर हाउस/ खुला प्लॉट/ गोदाम किराये हेतु तोरवा बिलासपुर में होटल रेडडायमंड के सामने मुख्य रोड पर 5000-40000 वर्गफीट उपलब्ध इंडस्ट्रीयल, लॉजिस्टिक्स, कॉर्पोरेट हेतु उपयुक्त सम्पर्क- 96176 05544, 9111911145 (40828)

किराया-अंजनी विहार चांटीडीह बिलासपुर में एक हाल, एक बड़ा कमरा, एक बड़ा किचन दो लेटबाथ किराए से देना है शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 8085818742, 78982 50866 (40832)

फाइनेन्स

फाइनेन्स-कुबेर फाइनेन्स मुद्रा योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 15लाख तक, 1% ब्याज वार्षिक, प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क- 8882627857 (4366)

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

Medicare Specialists
सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते है कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखूनों का सड़ना पुराना एकिजमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञ

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	11	7	4	14
हैदराबाद	11	7	4	14
गुजरात	11	7	4	14
पंजाब	10	6	3	13
चेन्नई	11	6	5	12
राजस्थान	11	6	5	12
कोलकाता	10	4	5	9
दिल्ली	11	4	7	8
मुंबई	11	3	8	6
लखनऊ	11	3	8	6

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

आईसीसी वार्षिक वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1', पाकिस्तान को झटका

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग के नवीनतम सालाना अपडेट के बाद अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा, 'नवीनतम सालाना अपडेट के बाद आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बना हुआ है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से महज 5 अंक के मामूली अंतर से आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन टीम में शामिल है।' भारत को एक रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और उसके खाते में 118 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका 102 अंक के साथ पाकिस्तान (98) को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को पूरा भार (100 प्रतिशत) दिया जाता है जबकि पिछले दो वर्षों के नतीजों को आधा भार (50 प्रतिशत) दिया जाता है।

दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर बरकरार

बांग्लादेश 84 अंक के साथ नौवें स्थान पर

शीर्ष 10 में बाकी टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। श्रीलंका (96), अफगानिस्तान (93) और इंग्लैंड (89) शीर्ष आठ में शामिल अन्य टीम हैं। बांग्लादेश 84 अंक के साथ नौवें स्थान पर है जबकि वेस्टइंडीज के अब 74 अंक हैं। वेस्टइंडीज पिछले अपडेट में बांग्लादेश से छह अंक से पीछे था लेकिन अब यह अंतर बढ़कर 10 अंक हो गया है। आईसीसी ने कहा, ' इसके दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण परिणाम होंगे क्योंकि वे आईसीसी पुरुषों के क्रिकेट विश्व कप 2027 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने की कोशिश कर रही हैं।'



टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

वनडे और टी20 क्रिकेट में भारत के लगातार दबदबे के साथ-साथ, ऑस्ट्रेलिया इस समय आईसीसी पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर है। यह देश महिलाओं की वनडे और टी20 दोनों ही टीम रैंकिंग में भी पहले स्थान पर काबिज है।

दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे क्वालीफाई

आईसीसी ने कहा, '31 मार्च 2027 तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष आठ टीम सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी। इनके अलावा मेजबान दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे भी स्वतः क्वालीफाई कर चुके हैं।' इस संदर्भ में यदि दक्षिण अफ्रीका शीर्ष आठ स्थान में बना रहता है तो नौवां स्थान सीधे विश्व कप का टिकट पाने के लिए महत्वपूर्ण हो जाएगा।

आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को छोड़ा पीछे

आयरलैंड (54) ने जिम्बाब्वे (53) को पीछे छोड़ते हुए 11वां स्थान हासिल कर लिया है जबकि अमेरिका 13वें स्थान पर पहुंच गया है। अमेरिका (46) ने स्कॉटलैंड (44) को पीछे छोड़ा है यूएई को भी फायदा हुआ है और वह कनाडा को पीछे छोड़ते हुए 19वें स्थान पर है जिसके कुल 16 अंक हैं।

नामीबिया मामूली सुधार के साथ 23वीं पायदान पर

नीदरलैंड ने रैंकिंग अपडेट में सबसे मजबूत बढ़त में से एक दर्ज की, चार अंक जोड़कर 44 पर पहुंच गया, जबकि ओमान 33 अंकों तक पहुंच गया। नेपाल चार अंकों की गिरावट के साथ 25वें स्थान पर खिसक गया, जबकि नामीबिया मामूली सुधार के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गया।

दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब को 3 विकेट से हराया, अक्षर और मिलर के अर्धशतक

पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार प्लेऑफ की रेस में बरकरार दिल्ली

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

कप्तान अक्षर पटेल और डेविड मिलर के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को खराब शुरुआत से उबरकर पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में 5 जीत से 10 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

पंजाब की टीम लगातार चौथी हार के बाद 11 मैच में 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है। पंजाब के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 33 रन पर 3 विकेट गंवाने के बावजूद अक्षर (56 रन, 30 गेंद, 8 चौके, 2 छक्के) और डेविड मिलर (51 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 64 रन की साझेदारी से 19 ओवर में 7 विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की। अक्षर और मिलर के पवेलियन लौटने के बाद आशुतोष शर्मा (10 गेंद में 24 रन, दो छक्के, दो चौके) और माधव तिवारी (आठ गेंद में नाबाद 18, एक छक्का, दो चौके) ने टीम को जीत दिलाई। आकिब नबी ने दो गेंद में नाबाद 10 रन बनाए।



दिल्ली कैपिटल्स के सबसे सफल रनचेज

226 बनाम आरआर, जयपुर, 2026
211 बनाम पंजाब, धर्मशाला, 2026
210 बनाम लखनउ, विशाखपट्टनम, 2025
209 बनाम गुजरात, दिल्ली, 2017
207 बनाम पंजाब, जयपुर, 2025

प्रियांश ने तोड़ा कोहली यशस्वी का रिकॉर्ड

आईपीएल इतिहास में यह दूसरा मौका है जब प्रियांश आर्य ने आईपीएल मैच की पहली गेंद पर छक्का मारा है। उनके अलावा नमन ओझा, विराट कोहली, फिल साल्ट और यशस्वी जायसवाल ने एक-एक बार ऐसा किया है। वहीं तीसरी बार प्रियांश ने आईपीएल पारी के पहली गेंद पर छक्का मारा है।

प्रियांश ने यशस्वी, हेड और जयसूर्या को छोड़ा पीछे-प्रियांश आर्या ने दिल्ली के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 6 छक्के लगाए और अब वो आईपीएल के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए। प्रियांश आर्या ने इस सीजन में पावरप्ले में अब तक कुल 26 छक्के लगाए हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल, ट्रैविस हेड और सनत जयसूर्या को पीछे छोड़ दिया।

आरसीबी के हेड कोच एंडी फ्लावर पर जुर्माना

रायपुर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के कारण आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने कहा, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया है, ' एंडी को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो 'मैच के दौरान स्पष्ट रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग' करने से संबंधित है। एंडी ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी अमित शर्मा के फैसले को स्वीकार कर लिया है।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी से हारे चोटरानी

नई दिल्ली। भारत के वीर चोटरानी मिस्र के गीजा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में मेजबान देश के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन मुस्तफा असल से हार गए। विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज चोटरानी को 5-11, 2-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान-बांग्लादेश दौरा

ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान कमिंस, स्टार्क, जोश बाहर



एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने के आखिर में पाकिस्तान और बांग्लादेश में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड को अपनी टीम में नहीं चुना है। ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ऑलराउंडर लियाम स्कॉट और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 विश्व कप टीम के कप्तान ओली पीक को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। युवा बल्लेबाज जोएल डेविस को जून में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। उन्हें भी पहली बार मौका मिला है।

अय्यर ने खेली नाबाद पारी

पंजाब ने कप्तान श्रेयस अय्यर (36 गेंद में 3 छक्कों और 5 चौकों से नाबाद 59 रन) और प्रियांश (33 गेंद में 6 छक्कों और 2 चौकों से 56 रन) के अर्धशतक से पांच विकेट पर 210 रन बनाए। अय्यर ने कूपर कोनोली (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की जबकि प्रियांश ने भी प्रभसिमरन सिंह (18) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दिल्ली की ओर से माधव तिवारी ने 40 जबकि मिचेल स्टार्क ने 57 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

खराब शुरुआत के बाद जीती दिल्ली

लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 14 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों लोकेश राहुल (09) और अभिषेक पोरेल (05) के विकेट गंवा दिया। पोरेल को यश ठाकुर ने बोल्ड किया जबकि राहुल ने अर्शदीप सिंह की गेंद को हवा में लहराकर मार्को यानसेन को कैच थमाया। साहिल पारख भी 13 रन बनाने के बाद अर्शदीप की गेंद पर युजवेंद्र चहल के हाथों लपके गए। दिल्ली ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 47 रन बनाए।

डब्ल्यूएफआई से तनातनी के बीच गोंडा पहुंचीं विनेश, बोलीं- रखती हूं पात्रता



गोंडा। विनेश फोगाट सोमवार को गोंडा पहुंची और भारतीय कुश्ती महासंघ के कारण बताओ नोटिस का जवाब देकर दावा किया कि वह संन्यास के बाद वापसी की पात्रता रखती है हालांकि राष्ट्रीय महासंघ ने दोहराया कि वह राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकती। महासंघ ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। राष्ट्रीय महासंघ ने इससे पहले कहा था कि विनेश 26 जून तक घरेलू टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले सकती क्योंकि डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के वापसी के बाद उन्होंने छह महीने का अनिवार्य नोटिस पूरा नहीं किया है। **वाडा की संहिता का नियम नहीं होता लागू : विनेश** - विनेश ने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की संहिता का रिटायर्ड खिलाड़ियों से जुड़ा नियम 5.6.1 उन पर लागू नहीं होता क्योंकि वह जून में ही यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को संन्यास के बाद वापसी के अपने फैसले से अवगत करा चुकी हैं। विनेश ने अपने जवाब में कहा कि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू को पहले ही अपनी वापसी की जानकारी दे दी थी।

बेहतर प्रदर्शन के साथ 31वें स्थान पर संधू

बार्सिलोना। भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू ने खेले गए एस्त्रेला डैम कैटालुन्या चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त 31वें स्थान पर रहे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में 68 का शानदार कार्ड खेला था, लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में क्रमशः 72 और 73 का कार्ड खेलने के बाद वह तालिका में नीचे फिसल गए थे। उन्होंने चौथे और अंतिम दौर में अच्छी वापसी करते हुए पांचवें, नौवें, 10वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी लगाई, जबकि 12वें और 15वें होल पर बोगी की। उन्होंने 69 का कार्ड खेलकर कुल सात अंडर के स्कोर के साथ अपना अभियान समाप्त किया। दक्षिण अफ्रीका के युवराव प्रीमलाल ने लगातार दूसरे दिन नौ अंडर 63 का बेहतरीन कार्ड खेलते हुए कुल 28 अंडर पार (70-64-63-63) के स्कोर के साथ 14 शॉट के बड़े अंतर से खिताब अपने नाम किया।

जोडार ने अर्नाल्डी को हराया चौथे राउंड में किया प्रवेश

इटैलियन ओपन

एजेंसी ▶▶| रोम



स्पेन के युवा खिलाड़ी राफेल जोडार ने अपने डेब्यू इटैलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से एंट्री करने वाले माटेओ अर्नाल्डी को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया।

राफेल ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की और पहले सेट को 6-1 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में अर्नाल्डी ने जोरदार वापसी की और सेट को 6-4 से जीता। हालांकि, तीसरे सेट में जोडार ने कमाल का खेल दिखाया और लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। दो घंटे तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करने के साथ ही जोडार ने एटीपी जीत/हार इंडेक्स के अनुसार, साल 2026 में क्ले कोर्ट पर 14-2 का रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान उन्होंने माराकेच में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता, जबकि बार्सिलोना में सेमीफाइनल और मैड्रिड में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail :ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/509 Raipur, dtd.07.05.2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/10, Rfx No.-8100050235, Construction of camping house at proposed 400/132 KV S/s Kunkuri (Jashpur).; **NIT Value:-**Rs. 62.52 Lakhs **EMD:-** Rs. 62,600/, **Completion Period:-08 Months.**

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01 is Rs. 5000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 03.06.2026 for Sl. No.- 01.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil)
CSPTCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या:94A-एसटी-टेंडर-2026, दिनांक: 06.05.2026.

कार्य: "संकेत एवं दूरसंचार कार्य के संबंध में (1) बिलासपुर में वंदेभारत चेयर कार रखरखाव डिपो का विकास/उन्नयन, (2) कोचिंग संस्थानों के रखरखाव के लिए परीक्षा सुविधा में रोलिंग का उन्नयन, (3) मुख्यालय कार्यालय में माल ढुलाई गतिविधियों की निगरानी केंद्र का उन्नयन और (4) बिलासपुर में प्रतिदिन 10 टन (यानी प्रति शिफ्ट 5 टन) की क्षमता वाली मशीनीकृत लॉन्ड्री की स्थापना।" **निविदा मूल्य:** ₹ 1,87,85,905.19 (₹ एक करोड़ सत्यासी लाख पच्यासी हजार नौ सौ पाँच रुपये एवं उन्नीस पैसे मात्र)। **अमानत राशि:** ₹ 3,75,700/- (₹ तीन लाख पचहत्तर हजार सात सौ मात्र)।

निविदा जमा होने की तिथि: 29.05.2026 के 15.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी./
सीपीआर/10/101 (मेन लाईन),बिलासपुर

f South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

No. W/BSP/Homeo/2026-05/e-no. 17275, दिनांक: 05.05.2026.

अधिसूचना

पदों की संख्या: 02 होम्योपैथिक डॉक्टर

बिलासपुर मंडल के चिकित्सा विभाग हेतु **एक वर्ष के लिए 02 (दो) अंशकालिक (04 घंटे हेतु)** संविदा होम्योपैथिक डॉक्टर पद के अनुबंध हेतु **दिनांक 05.06.2026 को सुबह 11:00 बजे पर स्थान वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी कार्यालय बिलासपुर के सभा कक्ष में वॉक-इन-इंटरव्यू निर्धारित है,** जिसकी संक्षिप्त अधिसूचना जारी की जाती है, जो की वार्षिक अनुबंध के आधार पर बिलासपुर मंडल के रेलवे अस्पतालों हेतु **01 पद बिलासपुर** के लिए एवं **01 पद शहडोल** के लिए है। विस्तृत विवरण अर्थात उपस्थिति का समय, पात्रता, योग्यता, आयु अनुभव और अन्य नियम और शर्तों के लिए कृपया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की वेबसाइट:- **https://secr.indianrailways.gov.in** पर लोग इन करें।

1. (Recruitment/News/PressRelease→Recruitment→Bilaspur)
2. (Dept./Div. of SECR-Division-BILASPUR-Personnel-Notification)

सीपीआर/10/91 *कृते वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/बिलासपुर*

f South East Central Railway @secrail

पूर्णिया समाहरणालय, पूर्णिया
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)
बिहार सरकार
ज्ञापांक–1298 / म0नि0, पूर्णिया, 06.05.2026

वाहनों की सार्वजनिक नीलामी हेतु अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्णिया जिला अंतर्गत मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित) की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विभिन्न मद्यनिशेध थाना काण्डों में जप्त एवं अपर समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, पूर्णिया के न्यायालय द्वारा राज्यसात किए गए निम्नलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) सहायक आयुक्त मद्यनिशेध, पूर्णिया के कार्यालय परिसर में दिनांक 08.06.2026 को 11:30 बजे पूर्वाहन् से नीलामी समिति द्वारा की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आवेदन आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्वभिप्रमाणित छायाप्रति तथा अग्रधन की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो **Excise Superintendent, Purnea के पदनाम से एवं Payable at SBI Purnea (Code no 000159)** में देय होगा, के साथ सहायक आयुक्त मद्यनिशेध कार्यालय में नीलामी की निर्धारित तिथि से दो दिन पूर्व संख्या 5:00 बजे तक जमा करना होगा।

नीलामी योग्य वाहनों की विवरणी:–

क्र म सं0	अधिहरण वाद सं0/थाना नाम/ थाना काण्ड सं0	वाहन का प्रकार/ मॉडल वर्श	वाहन का निबंधन संख्या/ईजन संख्या/चेचि स संख्या	न्यूनतम निर्धारित मूल्य (संशोधित)	अग्रधन की राशि मूल्य का 10% (रू0 में)	वाहन स्वामी का नाम एवं पता	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
01	02/23 मद्यनिशेध थाना सदर काण्ड सं–841/23	TATA INDICA CAR 2007	CG10F-2847	21979.00 (scrap Value)	2198.00	एम के राय चौधरी सा0–सकेंड फलौर अजीत वार्ड 02 विलासपुर छत्तीसगढ़	उक्त वाहन का निबंधन नहीं किया जा सकता है।

विशेष जानकारी हेतु सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पूर्णिया के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

नीलामी की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 002812 (Excise) 2026-27

जिला पदाधिकारी, पूर्णिया

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांपा जिला जांजगीर-चांपा

E-Mail ID - cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com

क्रमांक / 497 / लो.नि.वि./न.पा./2026-27 चांपा, दिनांक 11.05.2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रान्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेंडर.नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड / सबमिट करने की अंतिम तिथि	Physical Doc Submission End Date	Online Bid Open Date (Scheduled)
1	190588	वार्ड नं. 01 से 03 में विभिन्न 1.50 लाख तक के छोटे-छोटे निर्माण / मरम्मत / संधारण आदि कार्य। (First Call) मरम्मत संधारण तथा अध्यक्ष / पार्षद निधि एवं अन्य 2026-27.	20.00	01-06-2026 Time 17.00 pm	02-06-2026 Time 15.30 pm	04-06-2026 Time 11.00 am
2	190590	वार्ड नं 04 से 07 में विभिन्न 1.50 लाख तक के छोटे-छोटे निर्माण / मरम्मत / संधारण आदि कार्य। (First Call) मरम्मत संधारण तथा अध्यक्ष/पार्षद निधि एवं अन्य 2026-27.	20.00	01-06-2026 Time 17.00 pm	02-06-2026 Time 15.30 pm	04-06-2026 Time 11.00 am
3	190591	वार्ड नं. 08 से 11 में विभिन्न 1.50 लाख तक के छोटे-छोटे निर्माण / मरम्मत / संधारण आदि कार्य। (First Call) मरम्मत संधारण तथा अध्यक्ष/पार्षद निधि एवं अन्य 2026-27	20.00	01-06-2026 Time 17.00 pm	02-06-2026 Time 15.30 pm	04-06-2026 Time 11.00 am
4	190592	वार्ड नं. 12 से 15 में विभिन्न 1.50 लाख तक के छोटे-छोटे निर्माण / मरम्मत / संधारण आदि कार्य। (First Call) मरम्मत संधारण तथा अध्यक्ष / पार्षद निधि एवं अन्य 2026-27.	20.00	01-06-2026 Time 17.00 pm	02-06-2026 Time 15.30 pm	04-06-2026 Time 11.00 am
5	190593	वार्ड नं. 16 से 19 में विभिन्न 1.50 लाख तक के छोटे-छोटे निर्माण / मरम्मत / संधारण आदि कार्य। (First Call) मरम्मत संधारण तथा अध्यक्ष / पार्षद निधि एवं अन्य 2026-27.	20.00	01-06-2026 Time 17.00 pm	02-06-2026 Time 15.30 pm	04-06-2026 Time 11.00 am
6	190594	वार्ड नं. 20 से 23 में विभिन्न 1.50 लाख तक के छोटे-छोटे निर्माण / मरम्मत / संधारण आदि कार्य। (First Call) मरम्मत संधारण तथा अध्यक्ष / पार्षद निधि एवं अन्य 2026-27.	20.00	01-06-2026 Time 17.00 pm	02-06-2026 Time 15.30 pm	04-06-2026 Time 11.00 am
7	190595	वार्ड नं. 24 से 27 में विभिन्न 1.50 लाख तक के छोटे-छोटे निर्माण / मरम्मत / संधारण आदि कार्य। (First Call) मरम्मत संधारण तथा अध्यक्ष / पार्षद निधि एवं अन्य 2026-27.	20.00	01-06-2026 Time 17.00 pm	02-06-2026 Time 15.30 pm	04-06-2026 Time 11.00 am

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal:https://eproc.cgstate.gov.in में डाउनलोड/ देखी जा सकती है।

इस निविदा एवं निर्माण / मरम्मत / विस्तार / अन्य कार्य के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सप्रमाणपत्र प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है. नियत तिथि मे आपत्ति प्राप्त नही होने पर नियमानुसार निर्माण / मरम्मत / विस्तार / अन्य कार्य कराया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् चांपा



ऐतिहासिक

कोलकाता से दार्जिलिंग तक यहां का हर कोना है खास

ये हैं पश्चिम बंगाल के 8 प्रमुख शहर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल भारत का एक प्रमुख और समृद्ध राज्य है, जो अपनी विविध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और तेजी से विकसित होते शहरों के लिए जाना जाता है। यहां के शहर न सिर्फ पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि शिक्षा, उद्योग, व्यापार और कला के केंद्र भी हैं। राजधानी कोलकाता से लेकर पहाड़ी इलाकों के दार्जिलिंग तक, हर शहर की अपनी एक खास पहचान है। इन शहरों में परंपरा और आधुनिकता का अनोखा संगम देखने को मिलता है, जो देश-विदेश के लोगों को आकर्षित करता है।



कोलकाता

कोलकाता पश्चिम बंगाल की राजधानी और सांस्कृतिक केंद्र है। 'सिटी ऑफ जॉय' के नाम से मशहूर यह शहर अपनी औपनिवेशिक वास्तुकला, हावड़ा ब्रिज और विक्टोरिया मेमोरियल के लिए जाना जाता है। दुर्गा पूजा यहां का सबसे बड़ा त्योहार है, जो पूरे शहर को रोशनी और उत्साह से भर देता है। साहित्य, संगीत और थिएटर की समृद्ध परंपरा इसे खास बनाती है। साथ ही, यहां का स्ट्रीट फूड और पुरानी ट्राम सेवा भी आकर्षण का केंद्र है।

हावड़ा

हावड़ा, कोलकाता के पास स्थित एक प्रमुख औद्योगिक और परिवहन केंद्र है। हावड़ा ब्रिज इसकी पहचान है, जो हुगली नदी पर बना एक ऐतिहासिक पुल है। यहां का रेलवे स्टेशन देश के सबसे व्यस्त स्टेशनों में गिना जाता है। यह शहर व्यापारिक गतिविधियों और कनेक्टिविटी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कोलकाता के साथ मिलकर यह क्षेत्र आर्थिक विकास को गति देता है।

सिलीगुड़ी

सिलीगुड़ी को 'गेटवे ऑफ नॉर्थ-ईस्ट' कहा जाता है, क्योंकि यह पूर्वोत्तर भारत का मुख्य प्रवेश द्वार है। यह शहर व्यापार, परिवहन और लॉजिस्टिक्स का बड़ा केंद्र है। यहां से दार्जिलिंग, सिक्किम और भूटान के लिए यात्रा आसान होती है। तेजी से विकसित हो रहा यह शहर आधुनिक सुविधाओं से लैस है। प्राकृतिक सुंदरता और व्यावसायिक गतिविधियों का संतुलन इसे खास बनाता है।

कूचबिहार

कूचबिहार अपने शाही इतिहास और भव्य वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। यहां का कूचबिहार पैलेस यूरोपीय शैली में बना एक शानदार महल है। यह शहर कभी एक रियासत का हिस्सा था, जिसकी झलक आज भी यहां देखने को मिलती है। शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्व इसे पर्यटन के लिए खास बनाते हैं।

खड़गपुर

खड़गपुर अपनी शैक्षणिक पहचान के लिए प्रसिद्ध है, क्योंकि यहां आईआईटी खड़गपुर स्थित है। यह भारत के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में से एक है। शहर का रेलवे जंक्शन भी काफी बड़ा और व्यस्त है। शिक्षा, अनुसंधान और तकनीक के क्षेत्र में खड़गपुर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हल्दिया

हल्दिया एक महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर है, जो पश्चिम बंगाल के व्यापार में अहम भूमिका निभाता है। यहां पेट्रोकेमिकल और शिपिंग उद्योग का बड़ा नेटवर्क है। हल्दिया पोर्ट से कई देशों के साथ व्यापार होता है। यह शहर औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए भी जाना जाता है।

दार्जिलिंग

दार्जिलिंग एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो अपनी ठंडी जलवायु और चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध है। यहां से कंचनजंगा पर्वत का मनमोहक दृश्य देखने को मिलता है। दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, जिसे टॉय ट्रेन कहा जाता है, पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और हनीमून कपल्स के लिए आदर्श माना जाता है। शांत वातावरण और हरियाली इसे बेहद आकर्षक बनाते हैं।

दुर्गापुर

दुर्गापुर पश्चिम बंगाल का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है, जहां स्टील, पावर और केमिकल उद्योग बड़े स्तर पर मौजूद हैं। यह शहर योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया गया है, जिससे यहां की सड़कें और बुनियादी ढांचा बेहतर हैं। दुर्गापुर बैराज और कई हरे-भरे पार्क इसे आकर्षक बनाते हैं। उद्योग और पर्यावरण का संतुलन इसे रहने के लिए उपयुक्त शहर बनाता है।

8000 किमी तय कर दोस्त से मिलने आता है पेंगुइन

ब्रासीलिया। यह कहानी है ब्राजील के मछुआरे 'जोआओ परेरा डी सूजा' और एक मैजेलैनिक पेंगुइन 'डिंडिम द पेंगुइन' की, जिनकी दोस्ती ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। साल 2011 में रियो डी जनेरियो के पास प्रोवेटा बीच पर जोआओ को एक कमजोर और घायल पेंगुइन मिला। उसका शरीर तेल से सना हुआ था, पंख आपस में चिपक चुके थे और वह खुद को गर्म रखने में असमर्थ था। हालत ऐसी थी कि उसकी जान कभी भी जा सकती थी।



जोआओ के घर वापस आया पेंगुइन

लेकिन, कुछ महीनों बाद जो हुआ, वह किसी चमत्कार से कम नहीं था। वहीं पेंगुइन वापस लौटा, सीधे उसी बीच पर, और फिर जोआओ के घर तक पहुंच गया। इसके बाद यह सिलसिला हर साल जारी रहा, मानो दोनों के बीच कोई अनदेखा रिश्ता बन चुका हो।

पेंगुइन की जान बचाई

जोआओ उसे अपने घर ले आए और कई हफ्तों तक उसकी देखभाल की। उन्होंने धीरे-धीरे उसके शरीर से तेल साफ किया, उसे खाना खिलाया और तब तक संभाला, जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो गया। जब पेंगुइन ठीक हो गया, तो जोआओ ने उसे समुद्र में छोड़ दिया। उस वक्त यह एक सामान्य विदाई थी, कम से कम उन्हें यही लगा।



दुनिया का इकलौता शख्स, जो ना मरने से है परेशान

डोडोमा। दुनिया में कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं जिन्हें सुनकर इंसान सोच में पड़ जाता है कि यह सच है या सिर्फ किस्सा. एक शख्स इस्माइल अजीजी को लोग अब "अमर इंसान" कहने लगे हैं। वजह यह है कि वह एक या दो नहीं, बल्कि पूरे छह बार मौत के मुंह से लौट चुके हैं। दरअसल, इस्माइल अजीजी की कहानी की शुरुआत एक साधारण हादसे से हुई।'एफ्रीमैक्स' की एक डॉक्यूमेंट्री के अनुसार, वह अपने ऑफिस में थे, तभी एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गए. हालत इतनी खराब थी कि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार टूट गया और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हो गई। लेकिन, किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। जब उनका शरीर ताबूत में रखकर कब्रिस्तान ले जाया जा रहा था, तभी अचानक वो होश में आए और ताबूत से बाहर निकलने लगे। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर शख्स डर और हैरानी में पड़ गया।




■ 6 बार हुई मौत, लेकिन हर बार कब्र से हो जाता है जिंदा!

पहली घटना के बाद लोगों को लगा कि यह सिर्फ एक संयोग था, लेकिन ऐसा नहीं था। कुछ समय बाद इस्माइल को गंभीर मलेरिया हुआ। डॉक्टरों ने फिर से उन्हें मृत घोषित कर दिया, लेकिन एक बार फिर वे वापस लौट आए। इसके बाद एक भयानक कार एक्सीडेंट में वह कोमा में चले गए, हालत इतनी खराब थी कि इस बार भी उन्हें मृत मान लिया गया। लेकिन, कुछ समय बाद उन्होंने फिर से आंखें खोल दीं, जैसे कुछ हुआ ही न हो।





शादी के लिए इस देश में लगता है बाजार, खरीदे जाते हैं दूल्हा-दुल्हन!



बीजिंग। आज के दौर में जहां डेटिंग ऐप्स और सोशल मीडिया के जरिए रिश्ते बनाना आम हो गया है, वहीं चीन का एक शहर आज भी पारंपरिक तरीके से जीवनसाथी ढूंढने की परंपरा निभा रहा है। यह शहर है शंघाई, जहां हर सप्ताहांत एक अनोखा 'मैरिज मार्केट' सजता है। यहां दिलचस्प बात यह है कि इस बाजार में युवा खुद कम ही नजर आते हैं। उनकी जगह उनके माता-पिता या दादा-दादी उनके लिए उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश में पहुंचते हैं और साथ में बच्चों का पूरा बायोडाटा लेकर आते हैं।

कैसे होती है यहां शादी : इस बायोडाटा में उम्र, लंबाई, शिक्षा, नौकरी, आय, और यहां तक कि घर या कार जैसी संपत्ति की जानकारी भी शामिल होती है। माता-पिता इन जानकारियों को कागज पर लिखकर छतरियों पर टांग देते हैं या जमीन पर सजा देते हैं, ताकि दूसरे लोग उन्हें पढ़ सकें। इसके बाद वे इस बाजार में घूम-घूमकर दूसरे प्रोफाइल देखते हैं और अगर कोई रिश्ता पसंद आता है, तो वहीं बातचीत शुरू कर देते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारंपरिक है, लेकिन आज भी काफी प्रभावी मानी जाती है।

मैरिज मार्केट है काफी फेमस : हालांकि, शंघाई को चीन के सबसे आधुनिक और विकसित शहरों में गिना जाता है, फिर भी यह मैरिज मार्केट इस बात का उदाहरण है कि परंपराएं आज भी समाज में गहराई से जुड़ी हुई हैं।

परिवार की भागीदारी का प्रतीक

दरअसल, चीन के बड़े शहरों में रहने वाले कई युवा अपने कॅरियर और व्यस्त जीवनशैली में इतने उलझे रहते हैं कि उन्हें खुद साथी ढूंढने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में उनके माता-पिता यह जिम्मेदारी अपने ऊपर ले लेते हैं। यह सिर्फ एक सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि परिवार की भागीदारी का भी प्रतीक है, जहां शादी जैसे महत्वपूर्ण फैसले में पूरे परिवार की भूमिका होती है। शंघाई में हुकोऊ यानी स्थायी निवास का दर्जा भी रिश्तों में अहम भूमिका निभाता है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com

हरिभूमि
बिलासपुर, मंगलवार 12 मई 2026

बिलासपुर भूमि



अरपा को संवारने 500 करोड़ की योजनाएं

खुशी से छलकेगी जीवनदायिनी

न्यायधानी की पहचान कराने वाली अरपा की हालत फिलहाल गटर सी हो गई है। क्षेत्रीय पर्यावरण विभाग भी मानता है कि अरपा का पानी पीना तो छोड़िए अब नहाने लायक भी नहीं बचा है। सालों से नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है। वाहनों के जाने के लिए नदी में रास्ता बनाया गया है। इसके साथ ही नगर निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है। कचरे की डंपिंग भी लगातार हो रही है। महामाया चौक के पास इंदिरा सेतु, अरपा के पुराने पुल, शनिचरी रपटा, गुरुनानक चौक और तोरवा पुल से देखें, तो हर कहीं अरपा में गंदगी, कचरा, मटमैला बदबूदार पानी और जलकुंभियों का मैदान नजर आता है। अब अरपा को संवारने के लिए कुल 500 करोड़ की योजनाओं पर काम चल रहा है। दावा है कि अरपा में पहले की तरह पानी होगा और हमारी जीवनदायिनी खुशी से छलकेगी।

■ 40 साल पहले तक अरपा का पानी स्वच्छ था, फिलहाल गंदा पानी जा रहा

40 साल पहले तक अरपा का पानी स्वच्छ था। कपड़े धोने का काम करने वाले से लेकर किनारे बाड़ियां लगाने वाले नदी में एक फुट का झिरिया खोद कर अरपा का पानी पीते थे। अब इसका पानी निस्तार के भी काबिल नहीं रहा। कारण इसमें शहर भर के नाले, नालियों का करीब 90 एमएलडी पानी रोज मिल रहा है। कल्पना कीजिए अरपा में नाले, नालियों के पानी की निकासी बंद करा दी जाए, तब तो इसमें कैचमेंट एरिया के जंगल, पहाड़ों और प्राकृतिक नालों का ही पानी रहेगा, जो कि पहले की तरह स्वच्छ होगा।

अरपा को संवारने चलेंगी योजनाएं

- अरपा के आसपास की जमीन का राजस्व विभाग निर्धारण करते हुए अरपा विकास प्राधिकरण को देगा। जिससे की योजनाओं के संचालन में आसानी होगी।
- जिला प्रशासन द्वारा एनआईटी रायपुर से डीपीआर बनवाया जा रहा है। जिसके बाद अरपा के किनारे के हरेक हिस्से का उपयोग करते हुए पूरी तरह संवारा जाएगा।
- अरपा के किनारे सेंदरी के पास डेढ एकड़ में मियांबाड़ी प्लांटेशन की योजना बनाई गई है। फिलहाल यहां जमीनी समतलीकरण का काम किया जा रहा है। जून में पौधरोपण होगा।
- अरपा नदी में गंदा पानी रोकने के लिए 4 एसटीपी बनकर तैयार हो गए हैं। कुछ और एसटीपी भी बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजा गया है। इसकी स्वीकृति जल्द मिल जाएगी।
- अरपा के दोनों छोर पर बाइपास सड़क बन रही है। इसमें से एक कोनी से लेकर शनिचरी तक और दूसरा मंगला से लेकर रपटा पुल तक बनाया जाएगा। ट्रफिक से राहत मिलेगी।
- अरपा नदी नए रिवर व्यू पर सौंदर्यीकरण का काम जारी है। एक बड़े गार्डन का काम पूरा हो गया है और इसका लोकार्पण जल्द होगा। शहरवासियों को घूमने की बेहतर जगह मिलेगी।
- अरपा के दोनों छोर पर पचरी घाट और शिवघाट में बैराज बन रहे हैं। इसमें अगले साल से पानी रोका जाएगा। इसके बाद नदी की सुंदरता देखने लायक होगी।
- अरपा नदी से अवैध उत्खनन रोकने के लिए कड़े नियम लागू किए जा रहें है। सीधे एफआईआर होगी।
- अरपा से जुलुकुंभी निकालने के लिए शहर के एक एनजीओ को काम दिया गया है। यह जलकुंभी का प्रोसेस करते हुए विभिन्न नए प्रोडक्ट बनाएगा।

प्रदूषण मुक्त करने 285 करोड़ का प्लान

नगर निगम द्वारा अरपा को साफ करने के लिए 285 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान करते हुए काम किया जा रहा है। इसमें निगम एरिया यानी कोनी से दोमुंहानी तक अरपा में पहुंचने वाले सभी नालों के पानी की सफाई के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाएगी। सभी मुख्यत चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित एसटीपी की क्षमता क्रमशः 17 एमएलडी से बढ़ाकर 40 और 54 से बढ़ाकर 90 एमएलडी करने का टारगेट है। नालों के पानी को नदी में पहुंचने के पहले ही रोक कर एनजीटी के मापदंड के मुताबिक स्वच्छ कर नदी में छोड़ा जाएगा।

अरपा में इस तरह फैल रही गंदगी

- ❖ नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है।
- ❖ सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा।
- ❖ कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है।
- ❖ जल सप्लाई का 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है।

इस तरह संवारेंगे अरपा को

- ❖ अरपा के शिवघाट और पचरीघाट में पानी रोकने के लिए बैराज निर्माण का कार्य ।
- ❖ पेंड्रा के अमरपुर में उद्गम स्थल के संरक्षण, जलकुंड के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण।
- ❖ अरपा नदी में पहुंचने वाले 70 नाले, नालियों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का लक्ष्य रखा गया।
- ❖ अरपा में कचरा, मलबा की डंपिंग को रोकने के लिए लोगों से सहयोग लिया जाएगा।

सच, सरोकार और विश्वास के 25 वर्ष

पत्रकारिता जब अपने मूल मापदंडों सच्चाई, निष्पक्षता और जनसरोकार के मकसद से आगे बढ़ती है तो वह समाज में विश्वास का प्रतीक बन जाती है। हरिभूमि ने अपने 25 बरस के सफर में यह विश्वास अर्जित किया है। 25 वर्षों की यह गौरवशाली यात्रा इसी विश्वास, समर्पण और जिम्मेदार पत्रकारिता की सशक्त कहानी है।

स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हमें इस बात का गर्व है कि अपने प्रारंभिक दौर से ही संस्थान ने सटीक, निष्पक्ष और विश्वसनीय पत्रकारिता के साथ एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उद्देश्य कभी भी केवल समाचारों की भीड़ का हिस्सा बनना नहीं रहा, बल्कि गुणवत्ता, विश्वसनीयता और पाठकों के विश्वास के साथ अग्रणी स्थान प्राप्त करना रहा है। एबीसी की प्रमाणित रिपोर्ट में निरंतर उच्च प्रसार संख्या इस प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती रही है। जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 के बीच हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की प्रसार संख्या 1,32,374 रही है। वहीं राजधानी रायपुर संस्करण की प्रसार संख्या 2,33,011 है। यह केवल आंकड़ा नहीं, हरिभूमि के भरोसे पर पाठकों की मुहर है। रोहतक से शुरू हुई इस सशक्त यात्रा को पाठकों ने हर पड़ाव पर भरपूर स्नेह और समर्थन दिया। इसके बाद बिलासपुर, रायपुर, जबलपुर होते हुए भोपाल तक संस्थान का विस्तार हुआ और हर शहर में पाठकों ने इसे हाथों-हाथ लिया। यही विश्वास और अपनापन आज इसे देश के प्रमुख हिंदी समाचार पत्रों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहा है।



यह सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि संपादकीय, प्रबंधन और तकनीकी टीम के निरंतर समर्पण, अथक परिश्रम और पाठकों के अटूट विश्वास का प्रतिफल है। संस्थान ने सदैव अपने पाठकों को केवल पाठक नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा माना है। उनकी भावनाओं, अपेक्षाओं और सरोकारों को समझते हुए हर खबर को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संस्थान ने क्षेत्रीय पहचान को सशक्त बनाया और उसे व्यापक स्तर तक पहुंचाया है। यह सिर्फ एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज का दर्पण बनकर हर वर्ग की आवाज को मंच देने का कार्य कर रहा है। सिर्फ समाचार प्रकाशन तक सीमित न रहकर, संस्थान ने सामाजिक दायित्वों का भी सक्रिय निर्वहन किया है। विभिन्न जिलों में पौधरोपण अभियान,स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, जरूरतमंदों की सहायता, तथा समाजहित के अनेक काम इसकी पहचान बन चुके हैं। साथ ही युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने, उनकी प्रतिभा को मंच देने और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए भी समय-समय पर प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जाता रहा है। बदलते दौर के साथ कदमताल करते हुए संस्थान ने डिजिटल माध्यमों को भी मजबूती से अपनाया है, जिससे नई पीढ़ी तक तेज और प्रभावी पहुंच सुनिश्चित हो सकी है। आने वाले समय में हमारा संकल्प है कि हम केवल अपनी उपलब्धियों को बनाए न रखें, बल्कि पत्रकारिता के नए मानदंड स्थापित करते हुए पाठकों के विश्वास को और सुदृढ़ करें। निरंतर नवाचार, निष्पक्षता और जनसेवा की भावना के साथ हम प्रगति की नई ऊँचाइयों को छूते रहेंगे। इसके लिए हमारी ताकत बनने वाले हर पाठक का आभार...।

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

डी.पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

स्वशासी संस्थान
2(F) & 12(B) of the UGC Act 1956, अटल बिहारी बाजपेयी वि.वि. बिलासपुर (छ.ग.)
संभाग का एक मात्र दो बार नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त महाविद्यालय
ISO - 9001 : 2015 प्रमाणित

सत्र 2026-27 प्रवेश प्रारंभ


डॉ.श्रीमती अंजू शुक्ला
प्राचार्य


स्व. प्रो. पं. रामनारायण शुक्ला
संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष

स्नातक पाठ्यक्रम
रिसर्च सेंटर
- बी.ए.
- बी. कॉम/बी.कॉम कम्प्यूटर एप्लीकेशन
- बी.एस.सी.(बायो/कम्प्यूटर साइंस/गणित/इलेक्ट्रॉनिक्स/बायोकेमेस्ट्री/बायोटेक्नोलॉजी/गृह विज्ञान/माइक्रोबायोलॉजी)
- बी.सी.ए. बी.बी.ए.
- बी.लिब एण्ड आई.एस.सी. (पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान) (एक वर्षीय पाठ्यक्रम - 2 सेमेस्टर)
- एम.एस.डब्लू. - 4 सेमेस्टर
- एम.एस.सी. - बायोटेक्नोलॉजी
- बी.ए. संस्कृत

स्पोर्ट फैसिलिटी
अत्याधुनिक लैब

डिप्लोमा पाठ्यक्रम
संपन्न ग्रंथालय
- डी.सी.ए.
- पी.जी.डी.सी.ए.
- पी.जी.डी.बी.एम.

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम
छात्रवृति की सुविधा
- एम.ए.(समाजशास्त्र/हिंदी साहित्य/अंग्रेजी साहित्य/इतिहास/भूगोल/राजनीति/लोक प्रशासन/अर्थशास्त्र)
- एम.कॉम.
- एम.एस.सी.(रसायन/भौतिकी/गणित/कम्प्यूटर विज्ञान/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/इलेक्ट्रॉनिक्स/माइक्रोबायोलॉजी)

प्लेसमेंट
आई.ए.एस., पी.एस.सी., पुलिस उपनिरीक्षक,, सहा. प्राध्यापक व शिक्षक में अनेक छात्रों का चयन
निजी क्षेत्र के बैंक एवं उद्योगो में छात्रों का चयन प्रावीण्य छात्रों हेतु सुपर-30 एवं शुल्क में रियायत की सुविधा

पंजीयन प्रक्रिया
★ प्रवेश वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण:
★ स्कैन करें :
https://exam.dpexam.in/
अधिक जानकारी के लिए देखें

उत्कृष्ट प्रदर्शन:- खेल के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय चयन, N.C.C./N.S.S. में R.D.C. में चयन, रोजगार मूलक पाठ्यक्रम

संपर्क - कला 9827336926, वाणिज्य 9893258311, विज्ञान 9893238548 www.dpvipracollege.ac.in

10- MAY- BSP- P-3 vish1_Layout 1 5/10/2026 3:33 PM Page 1

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि

डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार
जनपद अध्यक्ष तखतपुर
संतोष कौशिक
विनय शर्मा
विक्की सिंह
राजेश दुबे
राकेश तिवारी
जनपद उपाध्यक्ष, तखतपुर
सौरभ पाण्डेय

महाकाल का आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे।

10- MAY- BSP- P-3 VISH FINAL_Layout 1 5/10/2026 3:29 PM Page 1

राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत परीक्षा संचालन व परिणाम घोषित करने में आगे

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी जिसे पहले बिलासपुर यूनिवर्सिटी के नाम से जाना जाता था, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित एक प्रमुख सार्वजनिक स्टेट यूनिवर्सिटी है। वर्ष 2012 में स्थापित यह कोनी बिलासपुर रोड पर स्थित है। यह यूनिवर्सिटी स्नातक व स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययन प्रदान करता है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षणिक सत्र में प्रवेश व परीक्षा का संचालन कर रहा है। इस यूनिवर्सिटी में विभिन्न कला, विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन के अंतर्गत कोर्सेस संचालित होते हैं। यूनिवर्सिटी अपने सीमित संसाधनों के बावजूद समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए जाना जाता है। यह यूनिवर्सिटी अब नए आयाम, पायदानों को छू रहा है और यूजीसी से 12 बी की मान्यता भी हासिल कर चुका है तथा नैक से संस्थान का असेसमेंट की तैयारी में जुटा हुआ है। अटल यूनिवर्सिटी शिक्षा की गुणवत्ता, शोध उत्कृष्टता, नवाचार, राष्ट्रीय मूल्यों तथा सामाजिक प्रतिबद्धताओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और विद्यार्थियों के उज्जवल, सक्षम एवं संस्कारित भविष्य के निर्माण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ अग्रसर है।



उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास- कुलपति



अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया का कहना है कि यूनिवर्सिटी को प्रशासनिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से नई ऊँचाईयों तक पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर हैं। पूर्व से संचालित कार्यो को और अधिक गति प्रदान करने तथा संस्थान चहुंमुखी व समग्र विकास के लिए नवीन पाठयक्रमों एवं प्रभावी प्रशासनिक गतिविधियों का निरंतर संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से यूनिवर्सिटी को आधुनिक, सशक्त, प्रगतिशील एवं विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में स्थापित करने का सतत प्रयास किया जा रहा है। अनुशासन परीक्षा परिणाम एवं छात्रों के प्रति अनुकूल सोच रखने वाला शैक्षणिक संस्थान के रूप में इसकी पहचान बनेगी।

नई अधोसंरचना के साथ नया कीर्तिमान रचेगा- रजिस्ट्रार



अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तारणीश गौतम का कहना है कि नई अधोसंरचनाओं के साथ नए आकार में होगा यूनिवर्सिटी। न्यायधानी बिलासपुर शिक्षा के क्षेत्र में नित नूतन कीर्तिमान स्थापित करते चला जा रहा है। प्रदेश ही नहीं वरन देश के विभिन्न कोनों में इसकी पहचान एजुकेशन हब के रूप में होने लगी है। नई चुनौती नए रूप में समाधान भी लेकर आती है। अधोसंरचाना के रूप में अभी हमारे पास एक ही भवन है किन्तु आगामी वर्षो में हमारे पास अपना प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी बिल्डिंग, 300 सीटर कन्या छात्रावास, मल्टीलेवल स्पोर्टस काम्पलेक्स, 100 मीटर आदिवासी बालक छात्रावास एवं कुलपति निवास, कुलसचिव निवास आदि भवन से सुज्जित होगा। यूनिवर्सिटी की ओर से 23 नए पाठयक्रमों की मांग शासन से की गई है। आशा है जल्द ही नए पाठयक्रम भी मिल जाएंगे। यह यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ में एआई के मामले में अग्रणी यूनिवर्सिटी है। डिजी लॉकर के माध्यम से छात्रों के मार्कशीट को लोड करने में भी यूनिवर्सिटी अग्रणी है। खेलकूद के क्षेत्र में यूनिवर्सिटी ने नए कीर्तिमान स्थापित किया है। राष्टींय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन एवं पालन में भी नई धुरी का कार्य किया है, जिससे छात्रों को भारतीय ज्ञान परंपरा का परिचय मिलने लगा है। भारत का वैभवशाली इतिहास को जानने अवसर प्राप्त हुआ है। निश्चित ही नई अधोसंरचनाओं के साथ यूनिवर्सिटी नए आकार से नए कीर्तिमान रचेगा।

पांच जिलों के 168 कालेज संबद्ध

अटल यूनिवर्सिटी कार्यक्षेत्र काफी बड़ा है और इसका क्षेत्राधिकार चार जिलों तक फैला है। इसके अंतर्गत बिलासपुर सहित मुंगेली, कोरबा, जीपीएम जिले के कालेज शामिल हैं। इन जिलों के 168 गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेज यूनिवर्सिटी से संबद्धता प्राप्त हैं जिनके लिए प्रवेश प्रक्रिया से लेकर परीक्षा आयोजन और परीक्षा परिणाम की घोषणा की जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी के ऊपर है।

खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां

अटल यूनिवर्सिटी ने खेल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है। यूनिवर्सिटी की कबड्डी महिला टीम ने खेलो इंडिया के लिए क्वालीफाई किया है। इसके साथ ही जूडो, पुरुष, कराटे पुरुष तथा कुश्ती पुरुष टीमों ने भी खेलो इंडिया में स्थान प्राप्त कर यूनिवर्सिटी का गौरव बढ़ाया है। खेलो को निरंतर प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से यूनिवर्सिटी द्वारा मल्टीपरपज हॉल के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है तथा खेल प्रशिक्षण एवं खेल शिक्षा के विकास के लिए 15 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। यूनिवर्सिटी खेल प्रतिभाओं को निखारने, आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है।

अटल यूनिवर्सिटी के नवाचार

- इंटर्नशिप प्लेसमेंट के लिए अग्रणी होटलचेन, रेस्तरां और आतिथ्य संगठनों के साथ मजबूत साझेदारी स्थापित करना
- नियमित प्लेसमेंट ड्राईव आयोजित करना, स्नातकों के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ उच्च प्लेसमेंट दर सुनिश्चित करना
- सीखने के अनुभवों को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक रसोई, नकली होटल के कमरे और स्मार्ट कक्षाओं जैसी सुविधाओं को अपग्रेड करना
- वैश्विक स्तर पर आतिथ्य उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व छात्रों को मान्यता देना
- ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में एमबीए की शुरुआत
- एआईसीटीई जैसी मान्यता प्राप्त संस्था से बीएचएमसीटी मान्यता प्राप्त

शोध परियोजना संबंधी उपलब्धियां

अटल यूनिवर्सिटी ने वर्ष 2021 में 17 शोध परियोजनाओं के लिए आरंभिक अनुदान के रूप में 8.5 लाख रुपए की प्रारंभिक धनराशि प्रदान की थी। यूनिवर्सिटी द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं का विवरण का इस प्रकार है।

- डॉ. डीएसजीवीके कलाधर की परियोजना: जैट्रोफा एक्सिसा की जड़ और तने के अर्क से संश्लेषित चांदी के नैनोकणों की रोगाणुरोधी गतिविधि और जैव रासायनिक विश्लेषण।
- डॉ. लतिका भाटिया द्वारा बिलासपुर शहर के अस्पताल वातावरण में जैव- वाष्पों का आकलन।
- डॉ. सीमा अनिल बेलोरकर द्वारा कवक लाइपेस का उपयोग करके जैविक डिटर्जेंट का उत्पादन।
- डॉ. स्वाति रोज टोप्पो द्वारा गार्बेज एंजाइम का उत्पादन करना और इसके जैव रासायनिक और सूक्ष्म जैविक गुणों का अध्ययन करना।
- धर्मेंद्र कश्यप द्वारा चावल ओरिजा सैटिवा एल में जीवाणु पत्ती झुलसा रोग के कारक जीव जैंथोमोनस ओरिजा पीवी ओरिजा पीएक्स 099 ए में पार्श्व रूप से स्थानांतरित जीन और उनके द्वारा एन्कोड किए गए रोगजनक प्रकृति के प्रोटीनों की इनसिलिको पहचान।
- यशवंत पटेल द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खाद्य पदार्थों का भौतिक रासायनिक विश्लेषण।
- सौमित्र तिवारी द्वारा तिखुर आधारित हर्बल प्रीमिक्स।
- श्रीमती रीवा कुलश्रेष्ठ द्वारा बिलासपुर के कालेजों के छात्रों और सहायक प्राध्यापकों के बीच कोविड-19 महामारी बाद पोषण संबंधी हस्तक्षेप।
- हामिद अब्दुला द्वारा छत्तीसगढ़ में आतिथ्य उद्योग की लाभप्रदता पर कोविड-19 का प्रभाव।
- हैरी जार्ज द्वारा धार्मिक पर्यटन के अवसरों और चुनौतियों का आंकलन। छत्तीसगढ़ में राम वन गमन सर्किट परियोजना।
- डॉ. पूजा पांडे गोधन न्याय योजना एवं गरीबों का आर्थिक उत्थान।
- डॉ. सुमोना भट्टाचार्य द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में कोविड-19 के दौरान आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और किसानों की चुनौतियों का अध्ययन।
- गौरव साहू द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल मार्केटिंग के प्रभाव पर एक अध्ययन, विशेष रूप से गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के संदर्भ में।
- एमआर जितेन्द्र गुप्ता एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग ऑफ लॉट आधारित प्रणाली का उपयोग करके जल गुणवत्ता का विश्लेषण और पता लगाना।
- श्रीमती रश्मि गुप्ता आनलाइन लर्निंग के दौरान छात्रों का ध्यान स्तर।
- प्रिया साहू द्वारा कम्प्यूटरीकृत कर्मचारी वेतन सूचना प्रणाली का डिजाइन और कार्यान्वयन।
- प्रो. एचएस होता द्वारा स्वास्थ्य के लिए कोरोना वायरस पहचान प्रणाली कोविस-हेल्थ का विकास, गहन शिक्षण तकनीक।

उन्नत कंप्यूटर लैब, स्मार्ट बोर्ड के साथ क्लासेस

- अत्याधुनिक सुसज्जित भौतिक और ई-लाइब्रेरी, स्वास्थ्य केन्द्र, अन्नपूर्णा कैंटीन, व्यायामशाला की स्थापना।
- परिसर में शहीद स्मारक और अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा, रानी दुर्गावती की प्रतिमा, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना।
- परिसर का सौंदर्यीकरण पेड़ सहित हर्बल गार्डन विकसित किया जा रहा।
- सोलर लाईट जैसे ऊर्जा बचत उपकरण लगाए जा रहे।
- यूनिवर्सिटी में शोध को बढ़ावा देने के लिए शोध पीठ की स्थापना।
- सीड मनी में सभी विभागों के नियमित संकायों को धनराशि स्वीकृत।
- विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ कई समझौता ज्ञापन पर हस्तापर किए गए।
- योग और प्राकृतिक चिकित्सा विभाग की स्थापना की गई।
- यूनिवर्सिटी की नई वेबसाईट विकसित की गई है।
- राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के की कार्यशालाओं, सम्मेलनों और सेमिनारों का आयोजन।
- एनएसएस सामाजिक विस्तार गतिविधियों में व्यापक रूप से योगदान।
- कम्प्यूटर साइंस विभाग में एआई कम्प्यूटर लैब व शोध केन्द्र की स्थापना।
- नई दिल्ली से अनुबंध अंतर्गत अकादमिक व प्रशासनिक विकास केन्द्र की स्थापना तथा कार्यक्रम।















बिलासपुर युवाओं का शहर बन रहा है। यहां छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों में ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, यूपी-बिहार से लेकर दिल्ली तक के युवा सिविल सर्विस की तैयारी करते हैं। अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग के लिए भी बड़े संस्थान खुल चुके हैं। शहर में कोचिंग करने वाले युवाओं की संख्या ही 80 हजार से अधिक है। इनमें सिविल सर्विस और मेडिकल- इंजीनियरिंग व अन्य विषयों की कोचिंग करने वाले युवाओं की संख्या 40 हजार से ज्यादा है, जबकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 7 हजार और अटल यूनिवर्सिटी के 12 हजार से ज्यादा स्टूडेंट हैं। खास बात यह है कि इनमें ज्यादा आबादी दूसरे शहरों व राज्यों के छात्रों की है।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए युवाओं का शहर बन रहा बिलासपुर

हरिभूमि ब्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यहां युवा मतदाताओं की संख्या भी तीन लाख से ज्यादा है। इनमें 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या 18 हजार से अधिक है। वहीं, 20 से 29 साल के मतदाताओं की संख्या 2.95 लाख के आसपास है। क्षेत्रफल और जनसंख्या के लिहाज से राजधानी रायपुर या दूसरे जिलों से तुलना करें तो बिलासपुर में युवा ज्यादा हैं। चुनाव में नए मतदाता जोड़ने के मामले में बिलासपुर को कई बार पुरस्कृत किया जा चुका है। जाहिर है कि इतनी संख्या में युवाओं की मौजूदगी से यहां रोजगार, व्यापार सभी में व्यापक असर पड़ता है। सिविल सर्विस के मामले में यहां के कोचिंग सेंटर की उपलब्धि है कि छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों के युवा भी तैयारी करने के लिए आते हैं। हैं। यही वजह है कि इतने सारे युवाओं के लिए हॉस्टल, पेइंग गेस्ट और किराए के मकान से भी बड़ी कमाई मकान मालिकों को होती है।



रोजगार व आय का बड़ा जरिया

इतनी बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी से हजारों की संख्या में युवाओं और अन्य लोगों को रोजगार मिल रहा है। एक कोचिंग में कम से कम 80 लोगों को रोजगार मिलता है। श्री बुक डिपो के संचालक पियुष गुप्ता के अनुसार 25 बुक डिपो में 100 लोग काम करते हैं। इसके साथ ही 150 स्टेशनरी की दुकानों में करीब 900 लोगों को रोजगार मिल रहा है। होटल एंड रेस्टॉरेंट संघ के अध्यक्ष प्रकाश सांथलिया ने अनुसार शहर में 150 होटल, 220 रेस्टॉरेंट, कैफे और 300 से ज्यादा गुमटियां व ठेले हैं। ये लोग भी 2 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार दे रहे हैं। फोटोकॉपी की दुकानें भी रोजगार व आय का बड़ा जरिया बन चुकी हैं। अब गांधी चौक के अलावा मंगला चौक, सरकंडा, कोनी सहित कई इलाकों में युवाओं की अच्छी खासी भीड़ लगती है। ये चौपाटी की तरह डेवलप हो गए हैं। कॉलेज कैम्पस के आसपास भी ऐसी दुकानें लगातार बढ़ रही हैं।

छोटे-बड़े 77 संस्थान

यूपीएससी की कोचिंग के लिए दिल्ली का मुखर्जी नगर, पुराना राजिंदर नगर, करोल बाग और आसपास के इलाके कोचिंग सेंटरों के हब हैं। शहर में दयालबंद, गांधी चौक, पुराना हाई कोर्ट रोड का हिस्सा पीएससी की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटरों का हब है। शहर में छोटे बड़े 77 कोचिंग संस्थान हैं। इनमें पीएससी के 19 संस्थान में 8780 छात्र हैं। वहीं जेईई और नीट के 14 संस्थान हैं। इनमें तैयारी करने वाले छात्रों की संख्या 7215 है। इसके अलावा पीएटी, सीएटी, सिविल जज, कंप्यूटर कोर्स सहित अन्य के 44 संस्थान हैं। इनमें 6450 छात्र हैं।

कोचिंग का नया हब

पीएससी की कोचिंग का हब बनने के बाद अब बिलासपुर एम्स, नीट, आईआईटी, पीईटी, जेईई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का हब बन गया है। कोटा के बड़े संस्थाओं के ब्रांच शहर में आ गए हैं। कोरोना से पहले ज्यादातर पैरेंट्स अपने बच्चों को कोटा भेजते थे। कोरोना के बाद जब बच्चे फंसे तो उन्होंने बाहर भेजना कम किया। इस बीच कोटा के ही बड़े इंस्टीट्यूट यहां आ गए हैं। इससे पहले तक मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए भिलाई बड़ा केंद्र होता था, लेकिन अब बिलासपुर में संख्या बढ़ने लगी है।




































10- MAY- BSP- P-6 VISH_Layout 1 5/10/2026 3:28 PM Page 1

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश में बिलासपुर को एजुकेशन सिटी के रूप में जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। शहर के बीचोंबीच अरपा नदी के किनारे मधुबन क्षेत्र में 13 एकड़ भूमि पर एजुकेशन सिटी विकसित किया जाएगा। 120 करोड़ की लागत से एजुकेशन सिटी का निर्माण किया जाएगा। इसके प्रथम चरण के तहत एकेडमिक ब्लॉक और नालंदा परिसर का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस योजना का क्रियान्वयन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है और तकनीकी सहयोग बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा दिया जा रहा है।



एजुकेशन सिटी में होगा एक ही स्थान पर कोचिंग, हॉस्टल, लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम

- 120 करोड़ की लागत से 13 एकड़ में विकसित की जाएगी एजुकेशन सिटी।
- प्रथम चरण में एकेडमिक ब्लॉक और नालंदा परिसर का निर्माण शुरू किया गया है।
- शहर के बीच नदी किनारे मधुबन क्षेत्र में बन रहा एजुकेशन सिटी
- बिलासपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम बिलासपुर की योजना।
- प्रदेश के लगभग 50 हजार छात्रों को मिलेगा लाभ।
- शहर में कोचिंग संस्थानों के लिए जगह की कमी दूर होगी,ट्रैफिक पार्किंग की समस्या भी खत्म होगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

13 एकड़ क्षेत्र में फैली एक ऐसी जगह जो छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के समर्पित होगी,जहां नालंदा परिसर,कोचिंग के लिए हॉल स्टेप,ऑडिटोरियम, हॉस्टल गार्डन, पार्किंग,कैफेटेरिया और खेल मैदान होगा। पूर्ण रूप से शैक्षणिक माहौल से परिपूर्ण एजुकेशन सिटी के निर्माण से बिलासपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के लगभग 50 हजार छात्रों को इसका लाभ मिलेगा,क्योंकि पूरे छ.ग.समेत अन्य प्रदेशों से छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने बिलासपुर आते हैं। पहले से ही एजुकेशन हब के रूप में स्थापित बिलासपुर में एक अलग एजुकेशन सिटी के निर्माण से यह मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब बन जाएगा। इस योजना के प्रथम चरण के तहत डीएमएफ और स्मार्ट सिटी योजना से 15 करोड़ की लागत से एकेडमिक ब्लॉक का कार्य और राज्य मद से 11 करोड़ 42 लाख की लागत से नालंदा परिसर लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है।


4800 क्षमता के कोचिंग स्पेस,500 सीटर नालंदा परिसर और 700 सीटर ऑडिटोरियम

इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा,जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ लेंगे। उक्त एजुकेशन सिटी में छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन एवं शैक्षणिक उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। 1000 विद्यार्थी क्षमता वाले हॉस्टल,एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान, गार्डन, मल्टी लेवल पार्किंग सहित तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा जिसमें 48 हॉल सेटप में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी।

एजुकेशन का हब है बिलासपुर

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात से ही बिलासपुर शहर एक एजुकेशनल सिटी के रूप में विकसित हुआ है। बिलासपुर शहर को एजुकेशनल हब के रूप में स्थापित करने में मुख्य रूप से केंद्रीय विश्वविद्यालय,दो विश्वविद्यालय,8 महाविद्यालय, इंजीनियरिंग,पॉलिटेक्निक,मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ लोक सेवा आयोग, व्यापम और आईआईटी परीक्षा की तैयारी करवाने वाले लगभग 100 से अधिक कोचिंग संस्थानों की भूमिका रही है। यहां प्रदेश के लगभग 50000 से अधिक छात्र एवं छात्राएं अध्यन कर रहे हैं। यहां सिविल सेवा की तैयारी करने प्रदेश के दूर दराज क्षेत्रों के अलावा दूसरे प्रदेश के युवा भी बड़ी संख्या में पहुंचते है।

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण की 25 वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं













10- MAY- BSP- P-7 VISH FINAL_Layout 1 5/10/2026 3:38 PM Page 1

हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण की
25 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं






















10- MAY- BSP- P-8 VISH_Layout 1 5/10/2026 3:50 PM Page 1



